उज्जैन
रविवार
14
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-221
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



अमीषा पटेल का बड़ा दावा, बोलीं गदर के सामने धुरंधर भी दर्शकों के मामले में पीछे

# राहुल गांधी करेंगे पेपरलीक के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत

## 17 जून को कोटा में स्टूडेंट सम्मेलन में पेपरलीक और युवाओं से जुड़ मुद्दों पर राहुल गांधी स्टूडेंट्स से बात करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

नीट पेपरलीक मामले के बाद अब कांग्रेस ने इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। इसकी शुरूआत 17 जून से कोटा से की जाएगी।

राहुल गांधी 17 जून को कोटा में स्टूडेंट सम्मेलन करेंगे। इस सम्मेलन में पेपरलीक और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर राहुल गांधी स्टूडेंट्स से बात करेंगे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। वेणुगोपाल ने कहा- राहुल गांधी देश के छात्रों और युवाओं के लिए लगातार आवाज उठाने में एक विश्वसनीय आवाज बनकर उभरे हैं।



इसके बाद देश में दूसरी जगह होंगे

कोटा के बाद 10 जुलाई को प्रयागराज, 11 जुलाई को पटना और 14 जुलाई को दिल्ली में स्टूडेंट सम्मेलन होंगे।

**पेपरलीक से प्रभावित सभी पक्षों को सम्मेलनों में बुलाया जाएगा-** वेणुगोपाल ने कहा- स्टूडेंट सम्मेलनों में प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों, युवा संगठनों, शिक्षकों और पेपरलीक घोटालों से सीधे प्रभावित सभी लोगों को एक साथ लाया जाएगा। यह अभियान उन लाखों युवा भारतीयों की समस्याओं को सामने लाएगा जिनका भविष्य पेपर लीक, परीक्षा की बढ़ती लागत और एक निष्पक्ष पारदर्शी भर्ती प्रणाली नहीं होने से प्रभावित हो रहा है।

### युवा अपने अनुभव साझा करेंगे

- वेणुगोपाल ने कहा कि इन सम्मेलनों में पेपरलीक और भर्ती घोटालों से प्रभावित युवाओं को अपने अनुभव साझा करने का मंच मिलेगा।
- बार-बार होने वाली परीक्षा विफलताओं व पेपर लीक घोटालों के लिए जवाबदेही तय करने की मांग करने का भी अवसर होगा। वेणुगापाल ने कहा- इस देशव्यापी अभियान के तहत देश भर में एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस के साथ सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटियों और जिला कांग्रेस कमेटियां छात्रों को लामबंद करेंगी। छात्रों और शिक्षकों से कॉन्टैक्ट करके पेपरलीक के खिलाफ लामंबद होकर सुधार पर जोर दिया जाएगा।

- **राजस्थान से अभियान शुरू करने के क्या मायने हैं-** कांग्रेस राजस्थान के कोटा से पेपरलीक के खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू कर रही है, इसके सियासी मायने होने के साथ एक दूसरा पहलू भी है। कोटा की पहचान देश भर में कोचिंग हब के रूप में है। कोटा में देश भर के स्टूडेंट नीट और जेईई की कोचिंग करने के लिए आते हैं। एक जगह उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों के स्टूडेंट मिलेंगे जो नीट पेपरलीक से प्रभावित रहे हैं।
- **भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी कोटा में स्टूडेंट से मिले थे-** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कोटा के कोचिंग स्टूडेंट से बात की थी। दिसंबर 2022 में यात्रा जब कोटा शहर से गुजरी थी, तब राहुल गांधी यात्रा के बीच ही कुछ समय निकालकर कोचिंग स्टूडेंट से मिले थे।

# अमृतसर में कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन

## फाउंडर बोले- हमें चुनाव से कोई मतलब नहीं, केंद्रीय मंत्री ने कहा- जो इनके साथ वह देश के खिलाफ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अमृतसर

अमृतसर में कॉकरोच जनता पार्टी 13 जून को दो घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके दोपहर को गोल्डन टेंपल पहुंचे। इसके बाद वह कार से गोल्डन गेट आए, जहां प्रदर्शन के लिए भीड़ जुटी। अभिजीत ने कहा कि यहां पुणे और दिल्ली से भी बड़ा प्रदर्शन होगा।

उन्होंने कहा- मैं बिल्कुल टाइम पर यहां आया था, लेकिन मैं ट्रैफिक में फंस गया। यहां हमारे लिए कोई सिक्योरिटी नहीं है। न ही पुलिस ने हमें कोई स्पेशल एस्कॉर्ट दिया। साथ ही चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि हमें इलेक्शन से कोई लेना-देना नहीं।

गोल्डन गेट पर मंच से युवाओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो... कॉकरोच जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन की अनुमति दीपके ने खुद ऑनलाइन माध्यम से डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर आलम विजय से शाम 4 से 7 बजे तक ली थी। हालांकि, करीब साढ़े 5 बजे ही प्रोटेस्ट खत्म हो गया और अभिजीत रवाना हो गए।



- **हमें चुनाव से कोई लेना-देना नहीं:** पंजाब में चुनाव को लेकर अभिजीत ने कहा- पंजाब के बच्चे भी एग्जाम देते हैं। वे नीट, सीबीएसई, आदि परीक्षाओं में भाग लेते हैं। उनके लिए यहां आंदोलन करना जरूरी है। चुनाव से हमें कोई लेना-देना नहीं। एजुकेशन के नाम पर जो यहां वोट मांग रहे हैं, वे अपना काम कर रहे हैं। हमें अपना काम करना है। बच्चों के साथ जो अन्याय हुआ है, हम उसकी बात कर रहे हैं। 6 बच्चों ने सुसाइड किया है, उन्हें न्याय दिलाने की बात हम कर रहे हैं।
- **यह स्टूडेंट्स को न्याय दिलाने का मूवमेंट:** उन्होंने कहा- आज हम अमृतसर में जमा हुए हैं। कल मैं बेंगलुरु जा रहा हूं, परसों में जयपुर जा रहा हूं। जहां-जहां हम जा सकते हैं, वहां जाएंगे और आवाज उठाएंगे। कॉकरोच जनता पार्टी को राजनीतिक पार्टी बनाने के सवाल पर अभिजीत ने कहा- यह स्टूडेंट्स का मूवमेंट है, यह यूथ का मूवमेंट है और यह स्टूडेंट्स को न्याय दिलाने का मूवमेंट है।

उससे पहले सीजेपी को लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा था कि जो भी इस पार्टी को समर्थन देगा या इसकी फंडिंग करेगा, वह देश के खिलाफ माना जाएगा।

**आंदोलन के लिए पंजाब जरूरी:** प्रदर्शन के लिए अमृतसर आने को लेकर अभिजीत ने कहा- देश में जब भी कभी कोई आंदोलन होता है, उसमें पंजाब का सबसे बड़ा योगदान रहता है। इसलिए, हमने पंजाब में अमृतसर को प्रदर्शन के लिए चुना। जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते, तब तक हम बैठे ही रहेंगे।

# विमेंस टी-20 वर्ल्डकप में नौवीं बार भारत बनाम पाकिस्तान

## टीम इंडिया 6 बार जीती कप्तान फातिमा सना का खेलना मुश्किल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बर्मिंघम

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में आज भारत और पाकिस्तान का मुकाबला एजबेस्टन स्टेडियम में शाम 7 बजे शुरू होगा। टूनामेंट में दोनों टीमों का यह पहला मैच होगा। भारत पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक पहुंचा था। वहीं पाकिस्तान ग्रुप स्टेज से बाहर हो गया था। भारत और पाकिस्तान के बीच 16 टी-20 मुकाबले हुए हैं। इनमें भारत ने 13 और पाकिस्तान ने 3 मैच जीते हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमें 8 बार आमने-सामने हुई हैं। भारत ने 6 और पाकिस्तान ने 2 मैच जीते हैं।

पिछले साल पहली बार वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम अब टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर लगातार दूसरा आईसीसी खिताब हासिल करना चाहेगी। वहीं पाकिस्तान की टीम हाल ही में बांग्लादेश को टी-20 सीरीज में 3-0 से हराकर टूर्नामेंट में पहुंची है।

**फातिमा की फिटनेस पर सस्पेंस-** शनिवार को प्रैक्टिस के दौरान पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना चोटिल हो गईं। टीममेट आयशा जफर का शॉट उनके दाएं घुटने पर लगा। चोट के बाद वे अभ्यास नहीं कर सकीं। उनका खेलना मुश्किल माना जा रहा है।

# असम विमान क्रैश में अलीगढ़ के जवान की मौत

## 8 दिन पहले शादी के लिए लड़की देखी थी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलीगढ़

असम में विमान क्रैश में अलीगढ़ के जितेंद्र शर्मा की मौत हो गई। वह एयरफोर्स में सार्जेंट थे। उन्होंने 5 दिन पहले ही छुट्टी के बाद ड्यूटी जॉइन की थी। जितेंद्र ने शादी के लिए लड़की भी देखी थी। दरअसल, शनिवार सुबह 10 बजे भारतीय वायुसेना का एएन-32 परिवहन विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में जितेंद्र के साथ 4 और लोगों की मौत हो गई थी।

अलीगढ़ के गांव सालपुर में रहने वाले जितेंद्र शर्मा (31) 7 भाई-बहन थे। वह अपने घर में सबसे छोटे थे। अभी घर में उनकी मां राजेश्वरी देवी के अलावा 2 बड़े भाई रमाकांत और भूपेंद्र रहते हैं। जितेंद्र का भारतीय वायुसेना में 1 जनवरी, 2015 को सिलेक्शन हुआ था। करीब 11 साल तक उन्होंने राष्ट्र सेवा की। जितेंद्र के पिता करुआ शर्मा का 12 साल पहले निधन हो गया था। पिता के निधन के बाद मां राजेश्वरी देवी ने सभी बच्चों का पालन-पोषण किया। घरवालों ने बताया- जितेंद्र हाल ही में छुट्टी लेकर गांव आए थे। 5 जून को वह ड्यूटी पर लौटे थे। घर में उनकी शादी को लेकर बातचीत चल रही थी। उन्होंने शादी के लिए लड़की भी देखी थी। परिवार जल्द ही विवाह की तैयारियां शुरू करने वाला था, लेकिन इससे पहले ही हादसे में उनकी मौत हो गई।

# यूपी में आंधी और बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

देश के 8 राज्यों में प्री मानसून एक्टिव है। राजस्थान समेत 9 राज्यों में बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश में शनिवार शाम भोपाल समेत 4 जिलों में बारिश हुई। इटारसी में आंधी के बाद एंबुलेंस पर पेड़ गिर गया। कई जगहों पर बिजली के तार, पेड़ टूट कर गिरे। मेले का मेन गेट उखड़ गया।

यूपी में आंधी-बारिश के दौरान हुए हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। उन्नाव और गाजीपुर में बिजली गिरने से दो लोगों की जान चली गई। वहीं कासगंज में आंधी में मकान की छत गिरने से पति-पत्नी और बेटी की मौत हो गई। प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज में पानी भर गया।

राजस्थान में जयपुर सहित कई जिलों में शनिवार को बारिश हुई। चूरू जिले में आंधी-बारिश के चलते एक मकान की दीवार गिर गई। इसमें परिवार के 4 सदस्य मलबे दब गए। ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

मानसून की झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों में एंट्री हो गई।। अगले 3 दिन में मानसून के छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश पहुंचने की संभावना है। 4 जून को केरलम में दस्तक देने के बाद मानसून 9 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है।

# आरएसएस दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागपुर



लेकिन सबसे ज्यादा गलत समझा जाता है - भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, लेकिन इसे सबसे ज्यादा गलत समझा जाता है।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि बाहर से देखने पर संघ लोगों को अलग-अलग तरह का दिखाई देता है।

भागवत ने कहा- कुछ लोग इसे अर्धसैनिक संगठन समझ लेते हैं, जबकि भारतीय खेलों और पारंपरिक युद्ध कलाओं को बढ़ावा देने के कारण कुछ लोगों को यह एक बड़े जिम जैसा लगता है।

उन्होंने कहा कि संघ को बाहर से देखकर पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। आरएसएस को समझने का सबसे अच्छा तरीका उसके साथ जुड़ना और उसके काम को करीब से देखना है।

भागवत ने कहा कि आरएसएस किसी खास परिस्थिति की प्रतिक्रिया में नहीं बना था और न ही यह किसी समाज, समुदाय या राजनीतिक दल के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि संघ के बारे में लोगों में कई गलतफहमियां हैं। इसलिए शताब्दी वर्ष के दौरान फ्रर लोगों तक पहुंचकर संगठन और उसके कामकाज के बारे में जानकारी दे रहा है। भागवत के मुताबिक, संघ की स्थापना देशहित और समाज सेवा के उद्देश्य से हुई थी और वह आज भी उसी दिशा में काम कर रहा है।

## बंगाल नगरपालिका भर्ती घोटाले में ईडी का बड़ा एक्शन

# मदन मित्रा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कथित नगरपालिका भर्ती घोटाले की जांच ने शनिवार को नया मोड़ ले लिया, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता, विधायक और पूर्व मंत्री मदन मित्रा से जुड़े सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सुबह करीब छह बजे शुरू हुई इस कार्रवाई ने राज्य की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। ईडी का दावा है कि जांच के दौरान नगरपालिका नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और कथित रिश्वतखोरी के संकेत मिले हैं, जिनकी कड़ियां मदन मित्रा और उनके करीबी नेटवर्क से जुड़ती दिखाई दे रही हैं।



सूत्रों के अनुसार ईडी की टीमों ने कोलकाता और उसके आसपास स्थित सात अलग-अलग परिसरों में एक साथ तलाशी अभियान चलाया। इनमें दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर स्थित मदन मित्रा का आवास भी शामिल था। इसके अलावा बेलियाघाटा, दक्षिणेश्वर, संतोषपुर और अन्य क्षेत्रों में स्थित परिसरों को भी जांच के दायरे में लिया गया। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने तलाशी के दौरान कई दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय लेन-देन से जुड़े साक्ष्यों की जांच की।

### मनी लॉन्ड्रिंग एंगल की जांच का हिस्सा

ईडी अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई नगरपालिका भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग एंगल की जांच का हिस्सा है। एजेंसी का कहना है कि अब तक की जांच में ऐसे संकेत मिले हैं कि विभिन्न नगर निकायों में कथित रूप से अयोग्य उम्मीदवारों की नियुक्तियों के बदले नकद और सोने के रूप में रिश्वत ली गई थी। जांच एजेंसी का दावा है कि इन नियुक्तियों में बिचौलियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही और कथित रूप से रिश्वत की राशि विभिन्न माध्यमों से प्रभावशाली व्यक्तियों तक पहुंचाई गई।

## पीएम मोदी फ्रांस पहुंचे, राष्ट्रपति मैक्रों से आज मुलाकात



**नई दिल्ली/पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के नीस पहुंच गए हैं। वे 14 जून को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक और 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, हेल्थ टेक, मेडिकल टेक्नोलॉजी, एआई, सेमीकंडक्टर और स्पेस टेक्नोलॉजी से जुड़े 12 समझौते हो सकते हैं। प्रधानमंत्री 13 से 18 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया के 6 दिनों के दौरे पर हैं। पीएम बनने के बाद उनकी यह 7वीं फ्रांस यात्रा है। उनका फ्रांस दौरा दो फेज में होगा। इस दौरान 3 शहरों नीस, एवियान और पेरिस जाएंगे।

## बांग्लादेश- कट्टरपंथियों के दबाव में राम प्रतिमा का प्रोजेक्ट रुका

**ढाका।** बांग्लादेश के गैबांधा जिले में 82 फीट ऊंची राम प्रतिमा का प्रोजेक्ट कट्टरपंथी दबाव के बाद रोक दिया गया है। यह प्रतिमा श्री श्री राधा गोबिंद और काली मंदिर परिसर में बन रही थी। मंदिर समिति ने इसे सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए अस्थायी रोक बताया है, लेकिन इसकी असली वजह कट्टरपंथी संगठनों का दबाव बताया जा रहा है। प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे कट्टरपंथी संगठनों ने अधूरी संरचना गिराने तक की मांग की है। इमाम-उलमा परिषद ने प्रोजेक्ट पूरी तरह रद्द करने, भविष्य में ऐसी किसी पहल पर रोक लगाने और फंडिंग की जांच कराने की मांग रखी है। बता दें कि यह निर्माण 2025 की शुरूआत में निजी फंडिंग से शुरू हुआ था।

## अभिषेक मेरे बेटे जैसे, माफ करना पिता का काम है



**कोलकाता।** टीएमसी के सांसद कल्याण ने यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि अभिषेक बनर्जी मेरे बेटे जैसा है और बेटे की सभी गलतियों को माफ करना पिता का काम होता है। इससे पहले उन्होंने 11 जून को उन्होंने कहा था कि ममता बनर्जी को मुझे या अभिषेक में से किसी एक को चुनना होगा। दरअसल, गुरुवार को अभिषेक ने फर्जी साइन मामले में अपने अपना वकील बदल लिया था। पहले कल्याण इस केस में अभिषेक के वकील थे। इसके बाद कल्याण ने कहा था कि अभिषेक को सीनियर नेताओं का सम्मान करना नहीं आता।

## पाकिस्तान में पेट्रोल 4 और डीजल 2 रुपया सस्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 4 रुपया और हाई स्पीड डीजल के दाम में 2 रुपया की कटौती की है। इससे यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 373.78 रुपया (पाकिस्तानी रुपया) और डीजल की कीमत 378.78 रुपया प्रति लीटर पर आ गई हैं। नई कीमतें 13 जून से लागू हो गई हैं। पांच हफ्तों में पेट्रोल की कीमत कुल मिलाकर 41 रुपया प्रति लीटर कम हो चुकी है। इससे पहले यानी पिछले हफ्ते भी सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 4 रुपया प्रति लीटर की कटौती की थी, हालांकि उस समय हाई-स्पीड डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया था और वह 380.78 रुपया पर स्थिर था।

## असम में 18 साल से ऊपर नए आधार कार्ड पर रोक



**गुवाहाटी।** असम सरकार ने आधार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को लेकर एक बड़ा और चर्चित फैसला लिया है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय लिया गया कि अब राज्य में 18 वर्ष से अधिक आयु के नए आवेदकों को आधार कार्ड जारी नहीं किया जाएगा। हालांकि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और चाय बागान समुदाय से जुड़े लोगों को इस नियम से अस्थायी राहत दी गई है। इन वर्गों के पात्र नागरिकों को मार्च 2027 तक आधार कार्ड जारी किए जाते रहेंगे।

## सिडनी जा रही श्रीलंकन एयरलाइंस की फ्लाइट पर बिजली गिरी

**नई दिल्ली।** श्रीलंकन एयरलाइंस की फ्लाइट यूएल-606 कटुनायके स्थित बंदरानायके अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सिडनी के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान विमान पर बिजली गिर गई। इसके बाद फ्लाइट को सुबह करीब 1:40 बजे सुरक्षित रूप से वापस उसी एयरपोर्ट पर उतारा गया। फ्लाइट में 217 यात्री और 16 क्रू मेंबर सवार थे। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, बाद में श्रीलंकन एयरलाइंस ने यात्रियों को सिडनी भेजने के लिए उसी मॉडल का दूसरा एयरबस अ330 विमान उपलब्ध कराया। यह विमान सुबह करीब 6:06 बजे सिडनी के लिए रवाना हुआ।



## खबर एक नजर...

### जर्जर मकानों पर मानसून से पहले चलेगा बुलडोजर

**उज्जैन।** मानसून की दस्तक से पहले नगर निगम प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। बारिश के मौसम में जर्जर मकानों के गिरने से होने वाले हादसों और जनहानि को रोकने के लिए निगम ने अभियान तेज कर दिया है। शहर के अलग-अलग जोनल क्षेत्रों में चिह्नित की गई अति खतरनाक और जर्जर इमारतों को ढहाने की कार्रवाई युद्धस्तर पर शुरू होने वाली है।अपर आयुक्त संतोष टैगोर के मुताबिक पूरे शहर का सर्वे कर जर्जर और जर्जर हो चुकीं इमारतों की सूची तैयार की गई है। कई मकान तो पहले ही सड़क चौड़ीकरण में हटाए जा चुके हैं, इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी जोन वार सूची तैयार की जा चुकी है। जिन इमारतों की स्थिति बेहद नाजुक और खतरनाक पाई है, उनके मालिकों को पहले ही कानूनी नोटिस थमा दिए।

### ग्रामीण बच्चों का इंतजार खत्म, खेड़ा खजूरिया में खुला जय मां वैष्णो इंटरनेशनल स्कूल

**उज्जैन।** महिदपुर तहसील के खेड़ा खजूरिया और आसपास के दर्जनभर गांवों के रहवासियों की वर्षों पुरानी आस पूरी हो गई है। गांव में जय मां वैष्णो इंटरनेशनल स्कूल का भव्य शुभारंभ हुआ है। इसके शुरू होने से अब क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों को उच्च और बेहतर शिक्षा के लिए मीलों दूर या किसी बड़े शहर की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरि महाराज, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश धाकड़ और आलोट जनपद अध्यक्ष कालू सिंह पाटन ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरि महाराज का पाद पूजन कर आशीर्वाद लिया गया। महाराज ने अपने आशीर्वचन में ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की इस नई पहल पर हर्ष जताते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया। इससे पूर्व स्कूल के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह राजपूत और जितेंद्र सिंह राजपूत ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। स्कूल की सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए डायरेक्टर्स ने बताया कि अब तक आसपास के गांवों के छात्रों को अच्छी पढ़ाई के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें अपने ही क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। गांव में ही इंटरनेशनल स्तर का स्कूल खुलने से कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी भारी खुशी जाहिर की है।

### माधव विज्ञान महाविद्यालय के 4 एनसीसी कैडेट्स अग्निवीर बने, हुआ सम्मान

उज्जैन। शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय की 2 मप्र बटालियन एनसीसी के चार कैडेट्स का अग्निवीर में चयन हुआ है। महाविद्यालय परिवार द्वारा चयनित कैडेट्स अभिषेक चौहान, यशपाल सिंह राठौर, दीपेंद्र राय और ब्रजराज पाटीदार का सम्मान किया गया। प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास ने इस उपलब्धि को कैडेट्स के अथक परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि कैडेट्स ने परिवार, महाविद्यालय और एनसीसी की परंपरा को गौरवान्वित किया है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आरके तिवारी ने कहा कि यह सफलता दशार्ती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पण से युवा राष्ट्रीय सुरक्षा व विकास में अहम योगदान दे सकते हैं। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. प्रमिला बघेल ने कैडेट्स का सम्मान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपनी सफलता पर कैडेट्स ने 2 मप्र बटालियन के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा और लेफ्टिनेंट डॉ. प्रमिला बघेल के मार्गदर्शन को श्रेय दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल थापा ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। चयनित कैडेट्स सशस्त्र बलों में सेवाएं देकर राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम में डॉ. शशि जोशी, डॉ. केके कुंभकार, सूबेदार मेजर हनुमत सिंह सहित पीआई स्टाफ और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

# रसूखदारों ने बिना अनुमति खोदी करोड़ों की मिट्टी

## 20 फीट गहरे गड्ढे से फसल को खतरा, दो महीने से काट रहे दफ्तरों के चक्कर, अब सीएम हाउस पर धरने की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर तहसील के सरसाना ग्राम पंचायत क्षेत्र में रसूखदारों की दबंगई का मामला सामने आया है। यहां इंदौर के रहने वाले कुछ लोगों ने एक महिला किसान के खेत के पास अवैध रूप से 20 फीट गहरा गड्ढा खोद दिया है, जिससे किसान का अपने खेत पर जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। पीड़ित परिवार पिछले दो महीने से एसडीएम और तहसील कार्यालयों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

महिला किसान अन्नू बाई पति गोविंद अपने परिवार का भरण-पोषण अपनी 5 बीघा निजी कृषि भूमि से करती हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उनके खेत के पास इंदौर निवासी रसूखदारों ने कुछ महीने पहले ही जमीन खरीदी है। उन्होंने बिना किसी राजस्व या प्रशासनिक अनुमति के एक बीघा से अधिक जमीन पर 20 फीट गहरी खुदाई कर दी। इस दौरान सैकड़ों डंपर कीमती मिट्टी अवैध रूप से निकाली गई, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए बताई जा रही है।

रास्ता बंद होने के कारण अन्नू बाई और उनका परिवार अपने खेत तक नहीं पहुंच पा रहा है। मौसम बदल चुका है और किसान परिवार को खेत की हकाई-जुताई कर फसल बोने की तैयारी करनी है। इसके अलावा, खेत के पास इतना



गहरा गड्ढा होने से बारिश का पानी भरने, फसल खराब होने और निजी कृषि भूमि के धंसने का भी खतरा पैदा हो गया है। प्रशासनिक रवैये से निराश परिवार के सदस्य आयुष ने बताया कि उन्होंने काम रुकवाने के लिए 15 से 20 बार पुलिस को डायल कर मदद मांगी। एक बार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काम बंद भी करवाया, लेकिन पुलिस के जाते ही खुदाई फिर शुरू हो गई। पीड़ित परिवार ने अपनी समस्या को लेकर बड़नगर एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय में लिखित शिकायत की है। इसके अलावा इंगोरिया टप्पा कार्यालय और थाने में भी न्याय की गुहार लगाई गई, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। जब स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हुई, तो सीएम हेल्पलाइन (181) पर भी कई बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन दो महीने से ज्यादा का वक्त बीत जाने के बाद भी अब तक समस्या का कोई समाधान नहीं निकला है। राजस्व विभाग और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से परेशान होकर अब पीड़ित किसान परिवार ने सीधे उज्जैन दक्षिण के विधायक और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उज्जैन स्थित उनके निवास पर पहुंचकर मदद मांगने का निर्णय लिया है। परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि उज्जैन में उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे भोपाल जाकर सीएम हाउस के बाहर धरने पर बैठेंगे और न्याय की गुहार लगाएंगे।

### विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचि पर शोध के लिए जुनैद अंसारी को मिली पीएचडी

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा मु. जुनैद अंसारी को शिक्षा विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा 3 जून 2026 को आधिकारिक तौर पर उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई।

जुनैद अंसारी ने अपना यह महत्वपूर्ण शोध कार्य लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राध्यापक डॉ. प्रियांशी पारेख के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया है। उनके शोध का विषय 'माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के उच्चतर माध्यमिक स्तर में अध्ययनरत विद्यार्थियों की व्यावसायिक रुचि पर बौद्धिक स्तर के प्रभाव का अध्ययन' था।

### तीन साल बाद ज्येष्ठ अधिक मास में सोमवती अमावस्या 15 को, स्नान-दान और तर्पण से मिलेगा अक्षय पुण्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सनातन धर्म में आत्मशुद्धि और पितृ स्मरण के लिए महत्वपूर्ण मानी जाने वाली अमावस्या इस बार दुर्लभ संयोग लेकर आ रही है। सोमवार 15 जून को ज्येष्ठ अधिक मास की सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी। तीन साल में एक बार बनने वाले इस पवित्र संयोग में दान, स्नान, तप और पितृ कार्यों का कई गुना अधिक फल मिलेगा। इस दिन श्रीहरि विष्णु और भगवान शिव की संयुक्त आराधना का विशेष महत्व शास्त्रों में बताया गया है। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास ने बताया कि 15 जून को सोमवती अमावस्या पर दिनभर मृगशिरा नक्षत्र का प्रभाव रहेगा। आध्यात्मिक साधना के लिए यह नक्षत्र अत्यंत शुभ माना जाता है। इसी दिन सूर्य वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे जिससे मिथुन संक्रांति का भी संयोग बन रहा है। इस काल में किया गया जप और स्नान साधक को मानसिक व शारीरिक कष्टों से मुक्ति दिलाता है। अधिक मास के खगोलीय और वैज्ञानिक महत्व को लेकर श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास ने बताया कि हिंदू पंचांग चंद्र गति और अंग्रेजी कैलेंडर सूर्य की गति पर आधारित है। दोनों के बीच हर साल लगभग 11 दिन का अंतर आता है। इसी अंतर को पाटने के लिए हर तीन वर्ष में एक अतिरिक्त महीना जुड़ता है जिसे अधिक मास, मलमास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। यही कारण है कि अधिक मास की सोमवती अमावस्या का योग तीन साल में केवल एक बार ही आता है।

## पौधारोपण, योग और नारी जागरण के वृहद अभियान चलाएगा गायत्री परिवार



### जिला स्तरीय गोष्ठी में बनी रूपरेखा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गायत्री शक्तिपीठ पर जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिले की 11 तहसीलों से आए समन्वयकों और परिजनों की उपस्थिति में आगामी वर्षाकाल के दौरान एकरूपता से किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को साझा करते हुए परिजनों से आह्वान किया गया कि युग निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए बादलों की तरह समर्पित भाव से घरों से निकलकर कार्य करें।

गोष्ठी में तय किया गया कि 21 जून 2026 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी संस्थानों में योग जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। 24 जून को गायत्री जयंती और गुरुदेव के महाप्रयाण दिवस पर प्रज्ञा संस्थानों में पांच व नौ कुंडीय आयोजनों के साथ विभिन्न संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। इसी दिन से संकल्पित परिजन 40 दिवसीय सवा लक्ष गायत्री महामंत्र जप का अनुष्ठान शुरू करेंगे और देव परिवार बनाकर मंडलों का गठन किया जाएगा। जुलाई माह में विद्यालयों में विद्यारंभ संस्कार होंगे और 15 जुलाई को गुप्त नवरात्रि से जिले भर में वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।

## राजन जी महाराज के श्रीमुख से शबरी प्रेम प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

### दशहरा मैदान में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा में उमड़ रहा भक्ति का सैलाब

महाकाल की पावन नगरी से प्रारंभ हुई 12 ज्योतिर्लिंग कथा के अंतर्गत दशहरा मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के आठवें दिन शबरी प्रेम प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य श्री राजन जी महाराज के श्रीमुख से भगवान श्रीराम और माता शबरी के निष्काम प्रेम, समर्पण एवं भक्ति की महिमा सुन हजारों श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मीडिया प्रभारी शिवम भार्गव ने बताया कि यह दिव्य कथा 6 जून से 14 जून तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से आयोजित की जा रही है। कथा में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति से पूरे कथा परिसर में भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना हुआ है। इस भव्य धार्मिक आयोजन के आयोजक अजीत गुप्ता हैं। उनके मार्गदर्शन में कथा का सफल आयोजन किया जा रहा है। आयोजक मंडल ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से परिवार एवं मित्रों सहित कथा स्थल पर पधारकर श्रीराम कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## सीईओ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गुरुवार को सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कुमट की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई।सीईओ जिला पंचायत श्री कुमट ने निर्देश दिए कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र हितग्राहियों तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के समस्त नागरिकों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाए।

100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग, एक्स-रे एवं फूड बास्केट वितरण सुनिश्चित किया जाए। उज्जैन शहरी क्षेत्र, नरवर एवं बड़नगर में शत-प्रतिशत एक्स-रे कर टीबी स्क्रीनिंग पूर्ण की जाए। टीकाकरण के अंतर्गत बड़नगर एवं खाचरौद में एमआर-१ एवं एमआर-२ का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जाए।पोषण पुनर्वास केन्द्रों में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मध्य समन्वय स्थापित किया जाए। बड़नगर में एनआरसी पोर्टल पर शून्य प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा तराना में भी संतोषजनक प्रगति नहीं पाई गई। नियमित मॉनिटरिंग कर कुपोषित बच्चों को भर्ती करवाया जाए एवं फॉलो-अप सुनिश्चित किया जाए। एसएनसीयू में लामा दर कम करने हेतु विशेष ध्यान दिया जाए।मातृ एवं शिशु मृत्यु के मामलों का ऑडिट कर पीपीटी तैयार कर रिव्यू किया जाए तथा पाए गए मेजर पॉइंट्स पर सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कर मैदानी अमले को अवगत कराया जाए। आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत शेष चिन्हित सर्जरी ऑपरेशनों को शत-प्रतिशत पूर्ण करवाया जाए। एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत महिदपुर एवं उज्जैन शहरी क्षेत्र में स्क्रीनिंग की प्रगति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।अनमोल पोर्टल पर खाचरौद एवं महिदपुर में शेष समग्र आईडी बनाने, गर्भवती महिलाओं की मॉडरेट एवं सीवियर एनीमिया, पीआईएच का शत-प्रतिशत प्रबंधन एवं डिलीवरी अपडेशन यथासमय सुनिश्चित किया जाए।

### सुख-समृद्धि की कामना के साथ अग्रवाल महिला मंडल ने किया सुंदरकांड पाठ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा गोलामंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सुंदरकांड पाठ और छप्पन भोग का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने सामूहिक पूजन-अर्चन कर समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

मंडल सचिव मीना गर्ग ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में किए गए धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व होता है। इसी भावना के तहत सुंदरकांड पाठ कर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष ममता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आभा अग्रवाल और सचिव मीना गर्ग प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

आयोजन को सफल बनाने में दीपाली अग्रवाल, संतोष कसेरा, किरण अग्रवाल, लता अग्रवाल, रेनू मेदावाला, दीपा गोयल, शीला अग्रवाल, मधु गोयल, इंदु गोयल, आशा भगत, स्नेहलता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल और उषा बजाज सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी का वितरण किया गया।

## चारभुजा नाथ मंदिर में श्रद्धाभाव से मनाया इन्द्रदमन उत्सव, सजी मनमोहक झांकी

### पुरुषोत्तम मास के तहत प्रतिदिन हो रहे धार्मिक आयोजन, मूंदड़ा और सोडानी परिवार ने किया विशेष पूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक उत्सव मनाए जा रहे हैं, जिनमें हजारों श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंदिर परिसर में इन्द्रदमन उत्सव उल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया।

आयोजन में मनोरथी लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा और प्रकाशचंद्र लक्ष्मीनारायण सोडानी परिवार की ओर से पंडित बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से भगवान का पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इस अवसर पर शोभा मूंदड़ा और अंकित मूंदड़ा द्वारा भगवान की बेहद सुंदर और आकर्षक झांकी सजाई गई। आरती में मनोरथी परिवार के मुखिया सहित शीतल मूंदड़ा, संजय नद्दू मूंदड़ा, निशा मूंदड़ा, हवन मूंदड़ा, अंकिशा मूंदड़ा, पूजन मूंदड़ा, नवीन सोडानी, ममता सोडानी, निखिल सोडानी, रानी सोडानी, कनव, तनय सोडानी और मोली मूंदड़ा ने सहभागिता की। महाआरती में कैलाश नारायण राठी, नृसिंह देवपुरा, दिनेश चंद्र डाढ़, भूपेंद्र भूतड़ा, वीरेंद्र कुमार गट्टानी, मनसुखलाल झंवर, अर्पण इनानी, लोकेंद्र काबरा, संजय ओमप्रकाश मूंदड़ा, सचिन बसेर, कोमल भूतड़ा, कैलाश चंद्र गगरानी, आशीष तोतला, प्रदीप आगीवाल, कल्पेश गट्टानी, संजय सोडानी, सुनील लाहोटी, निलेश कोठारी, नरेंद्र तोषनीवाल, राजकुमार भूतड़ा, अशोक परवाल, प्रदीप राठी, अतुल देवपुरा, सुनील बांगड़, महेश झंवर, ओमप्रकाश बाहेती और निलेश काबरा सहित कई भक्तों ने धर्म लाभ लिया।

आरती के पश्चात राजकुमार भूतड़ा परिवार की ओर से भगवान को खोपरा-बूरा का भोग अर्पित किया गया, जिसे उपस्थित सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया।

## रंगारंग रैली के साथ सार्थक ओलंपिक का शानदार आगाज, 100 दंपत्तियों ने दिखाया

# पहले दिन क्रिकेट और कबड्डी में दिखा रोमांच, तीन दिन तक चलेगा खेल और पारिवारिक एकता का उत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पारिवारिक एकता, सामाजिक समरसता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय 'सार्थक ओलंपिक 2026' का उत्साह और उमंग के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन के पहले दिन लगभग 100 दंपत्ति सदस्यों ने सहभागिता करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरूआत ओलंपिक थीम पर आधारित एक भव्य और अनुशासित रैली से हुई, जिसने पूरे आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया।

सभी टीमों के खिलाड़ियों ने अपने-अपने बैनर के साथ आकर्षक मार्च करते हुए खेल महोत्सव का आगाज किया। रैली में सबसे आगे चलकर संस्थापक अध्यक्ष अमित कावड़िया, पूर्व



रीजन अध्यक्ष विनोद बरबोटा, पूर्व अध्यक्ष एवं संयोजक संजय सूर्य, हेमन्त कासलीवाल, कॉन्वीनर शैलेन्द्र जैन, जितेन्द्र रुनवाल, अध्यक्ष राजेश पटनी और सचिव आशिष पीपाड़ा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएं दीं।

शुभारंभ के बाद पहले दिन क्रिकेट और कबड्डी प्रतियोगिताओं के रोमांचक मुकाबले खेले गए। क्रिकेट मैचों में शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी देखने को मिली, वहीं कबड्डी में खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती और रणनीतिक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम समिति के आशिष नांदेचा ने बताया कि सार्थक ओलंपिक केवल खेल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह आपसी भाईचारे, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है।

**उत्कृष्ट रहीं व्यवस्थाएं, स्वादिष्ट व्यंजनों का उठाया लुत्फ**

आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम समिति की कविता कासलीवाल, रश्मि पटनी और मोना पीपाड़ा का विशेष योगदान रहा। इनके नेतृत्व में आयोजन स्थल की व्यवस्थाएं अत्यंत सुव्यवस्थित रहीं, जिसकी सभी ने सराहना की। भोजन समिति के राहुल शेखावत और नीलेश जैन ने बताया कि आयोजन के तीनों दिन सदस्यों के लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट और विशेष व्यंजनों की व्यवस्था की गई है, ताकि प्रतिभागी खेलों के साथ-साथ पारिवारिक मिलन का भी आनंद ले सकें। आगामी दो दिनों में भी विभिन्न खेल और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### शिक्षा और समाज सेवा के लिए आचार्य शैलेंद्र पाराशर को सारस्वत जीवन गौरव सम्मान

**उज्जैन।** प्रबोधक आचार्य शैलेंद्र पाराशर को उनकी शिक्षा एवं समाज को समर्पित दीर्घकालीन सेवाओं के लिए 'सारस्वत जीवन गौरव सम्मान 2026' से अलंकृत किया गया है। देवास स्थित विंध्याचल अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अकादमी के संचालक दिनेश गुप्ता और प्राचार्य मानसी दिघे ने आचार्य पाराशर को शॉल, श्रीफल और अभिनंदन-पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए आचार्य पाराशर ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देता, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाता है। विद्यार्थी की अंतर्निहित शक्तियों को जागृत करना ही वास्तविक शिक्षा है। उन्होंने प्रशिक्षण के तीन प्रमुख विषयों परानुभूति, आत्म-नियमन और मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### भागवत कथा में भगवान को छप्पन की जगह लगा 156 पकवानों का भोग



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंधु सेना द्वारा सिंधी कॉलोनी में आयोजित भागवत कथा में श्री मुकुंदाचार्य महाराज ने गोवर्धन महोत्सव व बाल लीलाओं का वाचन किया। कथा के दौरान भगवान को छप्पन भोग के स्थान पर भक्तों द्वारा 156 प्रकार के पकवानों का विशेष भोग लगाया गया। भगवान के मंगलमय दर्शन के पश्चात श्रद्धालुओं को केसर एवं ड्राई फ्रूट युक्त खीर प्रसादी के रूप में वितरित की गई।

कथा का वाचन करते हुए श्री मुकुंदाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान जिस प्रकार गोवर्धन पर्वत उठाते हैं, उसी प्रकार वे मनुष्यों के अहंकार का भी हरण करते हैं। अपनी बाल लीलाओं से भगवान जहां भक्तों को आनंदित करते हैं, वहीं उनके जीवन से अहंकार को दूर करते हैं। आयोजन में किशोर मुलानी, समाजसेवी राजकुमार परसवानी, संतोष लालवानी, गिरधारी लालवानी, नरेंद्र सबनानी, महेश चांदवानी, रितेश लालवानी, विनोद मुलानी, मनोज रोचवानी, राम कुमरावत, अमित सोलंकी, नीलम, राजा कालरा, दीपक सामतानी, रोशनी मुलानी, काम्या लालवानी, डिंपल मुलानी, योगिता रोचवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने कथा का रसपान किया।

उज्जैन
रविवार
14
जून, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

कस्य दोषः कुले नास्ति व्याधिना को न पीडितः।
व्यसनं केन न प्राप्तं कस्य सौख्यं निरन्तरम्॥

**अर्थः** किसके कुल में दोष नहीं होता? रोग किसे दुःखी नहीं करते? दुःख किसी नहीं मिलता और निरंतर सुखी कौन रहता है अर्थात कुछ न कुछ कमी तो सब जगह है और यह एक कड़वी सच्चाई है।

## खबर एक नजर...

### फायरिंग, 5 करोड़ की उगाही में आरोपी की जमानत खारिज

**इंदौर।** शहर के चर्चित रंगदारी और फायरिंग मामले में जिला कोर्ट आरोपी कुलदीप सिंह चौहान की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता, जांच की प्रारंभिक स्थिति और साक्ष्यों को प्रभावित किए जाने की आशंका को देखते हुए राहत देने से इनकार किया। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलकर शहर के व्यवसायियों और बिल्डरों की रैकी की थी। आरोप है कि आरोपियों ने स्वयं को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर व्यवसायी विवेक दम्मानी से व्हाट्सएप के माध्यम से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम नहीं देने पर दम्मानी और उनके पुत्र को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। मामले में एक कारोबारी के घर पर फायरिंग कराने के आरोप भी हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी के खिलाफ संगठित तरीके से रंगदारी, आपराधिक भय उत्पन्न करने और गंभीर अपराधों में संलिप्तता के आरोप हैं। जांच अभी पूरी नहीं हुई है तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और पूछताछ शेष है। ऐसे में आरोपी को जमानत देने पर साक्ष्यों और गवाहों को प्रभावित किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि आरोपी के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट और एससी-एसटी एक्ट सहित दो आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने आरोपी की पहली नियमित जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया।

### सीसीटीवी से ढूंढ निकाली भगवान की प्रतिमा

**इंदौर।** परदेशीपुरा पुलिस ने भगवान की प्रतिमा गायब होने के मामले में नाबालिग तक पहुंची। पुलिस ने नाबालिग से प्रतिमा भी वापस ली। कुछ दिन पहले इस मामले में थाने पर शिकायत की थी। परदेशीपुरा टीआई आरडी कानवा ने बताया कि पिछले दिनों थाना क्षेत्र में एक महिला ने उनके यहां से भगवान की प्रतिमा गायब होने की शिकायत की थी। महिला पिछले कई सालों से प्रतिमा बनाने का काम करती आ रही है। यहां से एक प्रतिमा गायब हो गई थी। हालांकि प्रतिमा की कीमत करीब 10 हजार रुपए की थी, प्रतिमा पूरी तरह से तैयार नहीं थी उसे तैयार किया जा रहा था। शिकायत के बाद पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसके बाद पुलिस एक नाबालिग तक पहुंची, जो यहां से प्रतिमा लेकर चला गया था। पुलिस ने उससे प्रतिमा वापस ली और कार्रवाई की। जब पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ की तो पता चला कि बच्चे को आर्ट का शौक था और प्रतिमा उसे अच्छी लगी थी इसलिए वह उठा कर ले गया था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, कान और सिर में आई चोट

**इंदौर।** पीथमपुर के कपिला चौराहे पर रात करीब 8:20 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात लोडिंग वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर से युवक बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी वाहन चालक मौके पर गाड़ी सहित फरार होने में कामयाब रहा। चश्मदीदों के मुताबिक, घायल युवक पीथमपुर से टाटा चौराहे की तरफ जा रहा था, तभी कपिला चौराहे के पास हादसा हो गया। युवक के कान और सिर के हिस्से में काफी गंभीर चोटें आई हैं। अत्यधिक खून बह जाने और युवक की हालत नाजुक होने के कारण फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। हादसे के तुरंत बाद सड़क पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए 108 एम्बुलेंस के आने का इंतजार नहीं किया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए राहगीरों ने उसे तुरंत अपनी बाइक पर बीच में बैठाया और बिना वक्त गंवाए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा है।

### इंदौर टैंकर हादसे के बाद पुल पर सुधार काम शुरू

**इंदौर।** इंदौर के जवाहर मार्ग स्थित पुल पर टैंकर हादसे के बाद निगम ने शनिवार से पुल और रेलिंग के मरमत का काम शुरू कर दिया है। शुक्रवार को नगर निगम का ही 15,000 लीटर क्षमता वाला एक बड़ा और तेज रफ्तार टैंकर पुल पर अचानक अनियंत्रित हो गया था। बेकाबू टैंकर ने पहले तो राह चलते कुछ वाहनों को जोरदार टक्कर मारी और फिर सीधे पुल के फुटपाथ से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पुल का फुटपाथ, सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की रेलिंग और उसके मजबूत कॉलम भरभराकर टूट गए। हादसे के वक्त पुल का एक बड़ा हिस्सा ढहने के कारण उसका भारी-भरकम मलबा सीधे नीचे संचालित होने वाली दुकानों पर जा गिरा, जिससे दुकान संचालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब नगर निगम ने अपने अधिकृत ठेकेदार ने पुल की मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया है। हादसे में जो कॉलम पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं, उनके स्थान पर नए कॉलम बनाने के लिए शटरिंग (लकड़ी के पटिए) ठोंकने का काम पूरा कर लिया गया है। निगम अधिकारियों के मुताबिक, आज शनिवार से इन तैयार ढांचों में कंक्रीट और पिलर भरने का मुख्य कार्य शुरू किया जाएगा। पुल के इस पूरे क्षतिग्रस्त हिस्से की व्यवस्थित तरीके से मरम्मत करवाई जा रही है ताकि व्यस्त मार्ग होने के कारण भविष्य में यहां दोबारा ऐसा कोई खतरा न बने।

## ब्रिक्स देशों ने जारी किया इंदौर डिक्लेरेशन, किसान केंद्र में, दुनिया साथ में

# इंदौर से दुनिया को मिला कृषि का नया रोडमैप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भारत की अध्यक्षता में इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों की कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक का समापन शुक्रवार को सर्वसम्मति से पारित ब्रिक्स इंदौर डिक्लेरेशन के साथ हुआ। इस घोषणा-पत्र ने खाद्य सुरक्षा, किसान कल्याण, जलवायु अनुकूल खेती, कृषि व्यापार और डिजिटल कृषि के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग की नई दिशा तय की है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे कृषि क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और टिकाऊ विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ब्रिक्स देश दुनिया की लगभग आधी आबादी और वैश्विक खाद्यान्न उत्पादन के करीब 42 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं।

ऐसे में इंदौर में बनी यह सहमति केवल सदस्य देशों के लिए ही नहीं,






बल्कि पूरी दुनिया के लिए खाद्य सुरक्षा और कृषि विकास का नया मार्गदर्शक दस्तावेज साबित होगी। किसान रहेगा केंद्र में इंदौर डिक्लेरेशन का मूल आधार किसान, खाद्य सुरक्षा और टिकाऊ कृषि विकास है। सदस्य देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि कृषि नीतियों के केंद्र में छोटे और सीमांत किसान होंगे। खाद्य उत्पादन बढ़ाने के साथ किसानों की आय, पोषण सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। बैठक में खाद्य सुरक्षा और पोषण, कृषि व्यापार एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग, जलवायु परिवर्तन के अनुरूप टिकाऊ कृषि व्यवस्था तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी साझेदारी जैसे चार प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। सदस्य देशों ने कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला, टिकाऊ और तकनीक आधारित बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**चार नए वैश्विक नेटवर्क स्थापित होंगे-** इंदौर डिक्लेरेशन के तहत ब्रिक्स देशों ने चार नई संस्थागत पहलों पर सहमति दी है। इनमें प्राकृतिक एवं पुनयोर्जी कृषि के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस नेटवर्क, डिजिटल एग्रीकल्चर नेटवर्क, बीज प्रणाली में किसानों के अधिकारों के लिए वैश्विक मंच तथा एग्री-इनपुट, जेनेटिक संसाधन और सूचना नेटवर्क शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य अनुसंधान, तकनीक, ज्ञान और संसाधनों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

**लैब टू लैंड मॉडल पर जोर-** घोषणा-पत्र में कृषि अनुसंधान को प्रयोगशालाओं तक सीमित रखने के बजाय उसे सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया है। इसके लिए ब्रिक्स एग्रीकल्चरल रिसर्च प्लेटफॉर्म को और सशक्त बनाकर ह्यनॉलेज टू एक्शन हबह्ल के रूप में विकसित किया जाएगा।

### इंदौर से दुनिया को गया संदेश

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ब्रिक्स इंदौर डिक्लेरेशन केवल एक घोषणा-पत्र नहीं, बल्कि कृषि को अधिक सुरक्षित, समृद्ध और टिकाऊ बनाने की वैश्विक प्रतिबद्धता है। इंदौर में हुई यह बैठक आने वाले वर्षों में कृषि क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और किसान कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

**जलवायु संकट और खाद्य हानि पर साझा रणनीति-** ब्रिक्स देशों ने जलवायु परिवर्तन, एल-नीनो जैसी चुनौतियों और खाद्य हानि को कम करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमति व्यक्त की। रीजेनेरेटिव फार्मिंग, प्राकृतिक खेती और कार्बन उत्सर्जन कम करने वाली कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने का निर्णय भी लिया गया।

## इंदौर के होल्कर स्टेडियम में एमपीएल का सुपर सैटरडे

# रीवा जगुआर्स ने रोमांचक मुकाबले में उज्जैन फाल्कन्स को हराया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले गए मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग के 25वें मुकाबले में रीवा जगुआर्स ने 232 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया। उज्जैन फाल्कन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 231 रन बनाए। कप्तान चंचल राठौर ने 38 गेंदों में 71 रन, यश दुबे ने नाबाद 49 रन और ओजस्व यादव ने 14 गेंदों में 44 रन की विस्फोटक पारी खेली।

जवाब में रीवा जगुआर्स ने शुरूआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी की। कप्तान पृथ्वीराज सिंह तोमर ने 24 और अक्षत रघुवंशी ने 21 रन बनाए। इसके बाद मोहम्मद अरहम अकील ने मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने 49 गेंदों में नाबाद 107 रन ठोकते हुए 8 चौके और 7 छक्के लगाए।



एक समय रीवा का स्कोर 160 रन पर 5 विकेट था, लेकिन अथर्व महाजन ने 17 गेंदों में नाबाद 29 रन बनाकर अरहम का शानदार साथ दिया। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई और रीवा ने 19 ओवर में ही 5 विकेट पर 234 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

एमपीएल के 24वें मुकाबले में ग्वालियर चीतास ने बुंदेलखंड बुल्स को 23 रन से हराया। ग्वालियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 249 रन बनाए। पार्थ चौधरी ने 46 गेंदों में 95 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 10 छक्के शामिल रहे। कुलदीप गेही ने 48, रजत पाटीदार ने 36 और अर्पित पटेल ने 11 गेंदों में नाबाद 35 रन बनाए।

### अजय रोहेरा के शतक से जबलपुर की बड़ी जीत

एमपीएल के 23वें मुकाबले में जबलपुर रॉयल लायंस ने मालवा स्टैलियंस को 54 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर ने 5 विकेट पर 205 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज अजय रोहेरा ने 65 गेंदों में नाबाद 130 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। संजोग निज्जर ने नाबाद 24 रन बनाकर उनका साथ निभाया। 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मालवा स्टैलियंस की शुरूआत खराब रही। सक्षम पुरोहित ने 51 और कप्तान आशुतोष शर्मा ने 30 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज ज्यादा देर नहीं टिक सके। पूरी टीम 18.4 ओवर में 151 रन पर सिमट गई। जबलपुर के लिए पुनीत दाते और नयनराज मेवाडा ने 3-3 विकेट लिए।

## एमवाय अस्पताल में किडनी मरीज से मारपीट के आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती किडनी और लिवर मरीज के साथ डॉक्टरों द्वारा मारपीट और अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की पत्नी ने अस्पताल अधीक्षक को शिकायत देकर डॉक्टरों पर मारपीट, धमकी और इलाज में लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

पीड़ित महिला द्वारका प्रजापति ने बताया कि उनके पति रामदयाल प्रजापति अस्पताल की पांचवीं मंजिल स्थित वार्ड नंबर-25 में भर्ती हैं। शुक्रवार देर रात करीब 11 से 12 बजे के बीच सैंपल लेने के दौरान डॉक्टरों और स्टाफ से विवाद हुआ। आरोप हैं कि डॉक्टरों ने मरीज के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने की कोशिश की।

शनिवार को द्वारका प्रजापति ने एमवाय अस्पताल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव को लिखित शिकायत सौंपी और पूरे मामले में कार्रवाई की मांग की। महिला ने



बताया कि वह मूल रूप से देवास के खातेगांव की रहने वाली हैं और फिलहाल इंदौर के मूसाखेड़ी इलाके में रहकर मजदूरी करती हैं। पति की दोनों किडनी और लीवर की गंभीर समस्या के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

महिला के मुताबिक, वह मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पति के इलाज के लिए आर्थिक और चिकित्सीय मदद मांगने पहुंची थीं। वहां से उन्हें एमवाय अस्पताल भेजा गया था। इलाज के दौरान यह घटना हो गई।

शिकायत पत्र में महिला ने आरोप लगाया है कि डॉक्टरों ने न सिर्फ वार्ड में बल्कि डायलिसिस यूनिट में भी जाकर उनके पति को धमकाया।

## काले हिरण के कुनबे में जन्मा व्हाइट बच्चा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के कमला नेहरू प्राणि संग्रहालय (जू) में इन दिनों एक ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। यहां काले हिरण के कुनबे में एक दुर्लभ सफेद रंग के बच्चे का जन्म हुआ है।

महज 4-5 दिन का यह नन्हा मेहमान पूरी तरह स्वस्थ है। इस सफेद बच्चे को देखने के लिए चिड़ियाघर में दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। खास बात यह है कि इसकी आंखें गुलाबी हैं।

आमतौर पर काले हिरणों के बच्चे भूरे या काले रंग के होते हैं, लेकिन इस बच्चे का पूरा फर दूध जैसा सफेद है और इसकी आंखें गुलाबी हैं। जू प्रशासन के मुताबिक, यह बेहद दुर्लभ घटना है, जो इंदौर के चिड़ियाघर में हुई है।

चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि काले हिरण के कुनबे में सफेद रंग के बच्चे का जन्म होना काफी दुर्लभ है। फिलहाल हिरण का बच्चा स्वस्थ है।



हालांकि, जंगल में प्रकृति इस तरह के जानवरों के लिए अनुकूल नहीं होती, क्योंकि शिकार और शिकारी के खेल में ऐसे सफेद जानवर शिकारी की नजर में तुरंत आ जाते हैं, जबकि सामान्य रंग के हिरण झाड़ियों में आसानी से छिप जाते हैं। फिलहाल हिरण के बच्चे का वजन 6 से 7 किलो के करीब है। जन्म के बाद से ही यह हिरणों के समूह के साथ रह रहा है। इसका पूरा फर सफेद है और आंखें गुलाबी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसा मेलेनिन की कमी के कारण होता है।

## इंदौर में मल्टी के नीचे हार्डवेयर दुकान में लगी आग

# मल्टी से सड़क पर उतरे परिवार, लोगों ने केन से डाला पानी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में वीर सावरकर नगर स्थित माया भवन मल्टी के नीचे एक हार्डवेयर दुकान में शनिवार को अचानक आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मल्टी में रहने वाले लोग तुरंत नीचे उतर आए।

स्थानीय लोगों ने शुरूआती स्तर पर आग बुझाने की कोशिश करते हुए केनों से पानी डालना शुरू किया। इसी दौरान क्षेत्रीय पार्षद भी मौके पर पहुंचे और पानी का टैंकर बुलाया गया।

घटना की सूचना मिलने पर इंदौर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने



करीब 20 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के मुताबिक आग हार्डवेयर दुकान में लगी थी। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

मल्टी में रहने वाले सुभाष चौधरी ने बताया कि जैसे ही दुकान में आग लगने की जानकारी मिली, तो बिल्डिंग में रहने वाले लोग रोड पर उतर आए। इस दौरान धुएं का गुब्बार ऊपरी मंजिल तक पहुंच गया था। इधर, आग लगते ही आसपास के लोगों ने केनों से पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। चौधरी ने बताया कि मल्टी में 5 से 6 फ्लैट है, यहां के सभी लोग वक्त रहते नीचे आ गए थे। पार्षद भी मौके पर पहुंचे, टैंकर भी बुलवाया सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पार्षद प्रशांत बडवे भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत यहां पर पानी का टैंकर भी बुलवा लिया। हालांकि लोग पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के रविवार को प्रस्तावित इंदौर दौरे से पहले शहर में लगाए गए स्वागत होर्डिंग्स को लेकर खड़ा हुआ राजनीतिक विवाद

# सरकारी पोलों पर लगे होर्डिंग्स को लेकर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के रविवार को प्रस्तावित इंदौर दौरे से पहले शहर में लगाए गए स्वागत होर्डिंग्स को लेकर एक राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा (इख ट) द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, एमजी रोड और रीगल क्षेत्र में सरकारी बिजली पोल, ट्रैफिक पॉइंट और सार्वजनिक संकेतक बोर्डों पर लगाए गए बैनर-पोस्टरों को लेकर विपक्ष ने नगर निगम और सत्ताधारी दल पर तीखा हमला बोला है।

विपक्ष का आरोप है कि एक ओर इंदौर स्वच्छता में देश का नंबर-1 शहर है और दूसरी ओर शहर में अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण आयोजन चल रहे हैं। ऐसे में इस तरह




से शहर को बैनर पोस्टर से पाट देना शहर की सुंदरता खराब करने जैसा है।

हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद भाजपा संगठन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए अपनी सफाई पेश की है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के रविवार को प्रस्तावित इंदौर दौरे से पहले शहर में लगाए गए स्वागत होर्डिंग्स को लेकर एक राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के रविवार को प्रस्तावित इंदौर दौरे से पहले शहर में लगाए गए स्वागत होर्डिंग्स को लेकर एक राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

### आम जनता पर कार्रवाई, तो सत्ताधारी दल पर चुप्पी क्यों?

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इंदौर में एक बार फिर भाजपा की कथनी और करनी का फर्क साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रस्तावित दौरे से पहले शहर को भाजपा नेताओं और युवा मोर्चा की गुटबाजी व शक्ति प्रदर्शन का केंद्र बना दिया गया है। चौरसिया ने कहा कि जिन सरकारी बिजली पोल, ट्रैफिक पॉइंट्स और सार्वजनिक संकेतक बोर्डों पर पोस्टर लगाने पर आम नागरिकों और सामाजिक संगठनों पर कार्रवाई होती है, वहीं भाजपा कार्यकताओं के मामले में नगर निगम और प्रशासन मौन है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब भाजपा के मंत्री और महापौर शहर की सुंदरता, स्वच्छता और अनुशासन की बात करते हैं, तो उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ता सार्वजनिक संपत्तियों का राजनीतिक उपयोग क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह दावा कि सभी होर्डिंग नियमों के तहत लगाए गए हैं, तस्वीरों के सामने टिकता नहीं दिखता। यदि सरकारी पोल और सार्वजनिक संकेतकों पर प्रचार सामग्री लगी है, तो नगर निगम को स्पष्ट करना चाहिए कि इसकी अनुमति किस नियम के तहत दी गई। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा में अब संगठनात्मक पद सेवा और विचारधारा के बजाय सत्ता और वर्चस्व का माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा में लंबे समय से गुटबाजी और अंतर्कलह चल रही है, जिसका असर कई कार्यक्रमों और दौरों में पहले भी दिखाई दे चुका है।

# जीवन संजीवनी अभियान के अंतर्गत सीपीआर व प्राथमिक चिकित्सा के बारे में प्रोग्राम आयोजीत

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच




जीवन संजीवनी अभियान के अंतर्गत नीमच सिटी के हॉटस्पॉट जवासा भादवा माता चौराहे पर सीपीआर और और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिला नीमच में वर्ष 2023 में 359 सडक दुर्घटना घटित होकर 101 व्यक्तियों की मृत्यु हुई, वर्ष 2024 में 368 सडक दुर्घटना घटित होकर 120 व्यक्तियों की मृत्यु हुई एवं वर्ष 2025 में 321 सडक दुर्घटना घटित होकर 117 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है ।

जिला नीमच में हो रही सडक दुघटनों एवं उनमें हो मृत्यु की संख्या को कम करने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा स्वंय गहन चिंतन किया कर नगर पुलिस अधीक्षक नीमच, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद एवं मनासा, थाना प्रभारी यातायात, टेक्नीकल सहायक ईडीएआर संचालक डीएमआर के साथ कई बार मिटींग आयोजित कर सडक दुर्घटनाओं को कम करने हेतु कारणों को विश्लेषण किया गया। पुलिस अधीक्षक के स्वंय गहन चिंतन, नगर पुलिस अधीक्षक नीमच, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद एवं मनासा, थाना प्रभारी यातायात, टेक्नीकल सहायक ईडीएआर संचालक डीएमआर के टेक्नीकल सहयोग से जिले के 22 अत्यधिक सडक दुर्घटना संभावित स्थलों का चयन किया जाकर भौतिक निरीक्षण किया गया, दुर्घटनाओं को कम करने हेतु दुर्घटनाओं के संभावित कारणों का टेक्नीकल एवं भौतिक निरीक्षण के माध्यम से पता किया गया।

उक्त टेक्नीकल एवं भौतिक निरीक्षण के पश्चात श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिले में सडक दुर्घटओं को कम करने एवं सडक दुर्घटनाओं में घालयों को तुरंत सीपीआर व प्राथमिक उपचार मुहिया करवाने हेतु जिले में ज्जीवन संजीवनी अभियानज प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। उक्त अभियान के तहत जिलें में चिन्हित 22 हॉट स्पाटों पर आस पास रहने वाले 50-50 लोगों को सीपीआर ट्रेनिंग, प्राथमिक उपचार हेतु एक डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जो दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को सीपीआर व प्राथमिक ईलाज तुरंत मुहिया करवा सके तथा पीड़ित की जान बचाई जा सके। जीवन संजीवनी अभियान एक क्यूआर कोड के माध्यम से संचालित होगा जिसमें कोई भी व्यक्ति गुगल के माध्यम से स्केन कर सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर सडक सुरक्षा मित्र बन पायेगा। गुगल फॉर्म के अंतर्गत व्यक्ति द्वारा घायल व्यक्ति की किस प्रकार मदद की आदि महत्वपूर्ण अपने सहयोग को भर पायेगा और वह जिले के सडक सुरक्षा मित्र के रूप में पहचाना जायेगा ।

पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश व्यास व अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती हेमलता अग्रवाल के निर्देशन में च्जीवन संजीवनी अभियानच्छ का आयोजन थाना नीमच सिटी हॉट स्पॉट ग्राम जवासा में किया गया। उक्त अभियान के दौरान चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश चौधरी और नर्सिंग ऑफिसर जाहिद अली द्वारा अभियान से जुडें लोगो को दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को सीपीआर व प्राथमिक ईलाज तुरंत मुहिया करवानें संबंधी लाईव प्रशिक्षण दिया गया।

## पेयजल संकट से निपटने के लिए नपाध्यक्ष व सभापति ने किया निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

आगामी समय में शहर में जल संकट की स्थिति निर्मित न हो, इसे लेकर नगरपालिका परिषद मंदसौर लगातार मुस्तैद दिखाई दे रही है। इसी सिलसिले में नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं नपा जलकार्य सभापति निलेश जैन ने जलकार्य समिति के सदस्यों और नपा कर्मचारियों के साथ शिवना नदी के मोरवनी दोह का मौका मुआयना किया। अधिकारियों ने वहाँ संग्रहित पानी को नगरपालिका के जल स्त्रोतों तक पहुँचाने की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान नपा कर्मचारियों ने अवगत कराया कि मंदसौर नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर मोरवनी दोह पर 10-10 हॉर्स पावर की दो मोटरें लगाई गई हैं। इन मोटरों के माध्यम से पानी को पाइपलाइन द्वारा आजाद जलाशय की ओर शिफ्ट किया जा रहा है, जहाँ से इसे कालाभाटा जलाशय में स्टोर किया जा रहा है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि मानसून की देरी की स्थिति में भी मंदसौर नगर में पानी की किल्लत नहीं होने दी जाएगी और जलकार्य का अमला इसके लिए लगातार काम कर रहा है। जलकार्य सभापति निलेश जैन ने भी दोहराया कि नगरपालिका का मुख्य प्रयास नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराना है। इस दौरान समिति सदस्य गोवर्धन कुमावत, सुनीता गुजरिया, कमलेश सिसोदिया और राकेश भावसार सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर एक नजर...




### टांडा में हुआ जनकल्याण शिविर का आयोजन

**टांडा(धार).** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में कई जगह जनकल्याण शिविर लगाए जा रहे है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को टांडा पंचायत परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें टांडा व आसपास की 18 पंचायत के लोगो की समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर लगा। विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी समस्याओ के निदान के लिए तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए उपस्थित थे।

कार्यक्रम के आरंभ में सरपंच श्रीमती वर्षा लक्की ठाकुर , वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन मंडल अध्यक्ष अमरसिंह सोलंकी जनपद सदस्य भुरू भाई जाली जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नारायण भूरिया ,मंडल महामंत्री जड़ाव मंडलोई ,भाजयुवा मोर्चा के ऋषभ पाटनी गंधवानी , कांग्रेस नेता संदीप अग्रवाल, सुनील राठौड़ , पंच सागर पिपलाज आदि अतिथियों ने तथा बाग जनपद सी ई ओ विष्णु कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। मंचासिन अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। आरंभ में भाजपा नेता पारस जैन ने केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचे योजनाओं का पर्याप्त प्रचार प्रसार हो तथा कई किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र से आया हुआ हितग्राही बार बार विभागीय चक्कर काट कर परेशान ना हो इस बात पर जोर दिया। मंडल अध्यक्ष अमरसिंह मंडलोई ने कहा की क्षेत्र की 18 ग्राम पंचायतों का शिविर यहां रखा गया जिससे कई पंचायतों के लोग यहां पहुंच नही पाए आस पास की पांच सात पंचायत का शिविर एक जगह लगाना चाहिए ताकि हितग्राही शिविर में उपस्थित हो सके दूर के ग्रामों से आया हुआ व्यक्ति दिन भर परेशान होता है तथा शिविर का पर्याप्त प्रचार प्रसार भी होना चाहिए आज के शिविर में प्रचार प्रसार का अभाव दिख रहा है आपने कहा की बारिश का मोसम प्रारंभ होने वाला है कृषि बीज खाद की उपलब्धता सुनिश्च की जाए । वही हैंडपंप सुधरवाने के लिए ग्रामीणों को दो दो हजार रु तक अपने जेब से देना पड़ते है तब जाकर हैंडपंप सुधरता है इंका नेता सुनील राठौड़ ने भी नल जल व्यवस्था के लिए पी एच ई विभाग पर प्रश्न उठाए जन प्रतिनिधियों ने कृषि, राजस्व ,पी एच ई ,आदि विभागों की समस्याओं पर शीघ्र ध्यान देने की मांग की ।

# सामुदायिक भवनों उघानों में योग की अमृत गंगा प्रवाहित

### नगर के प्रथम नागरिक ने किया वार्डों का योग भ्रमण

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस अमृत महोत्सव नगर निगम परिषद महापौर प्रहलाद पटेल एवं पतंजलि योगपीठ जिला आयुष विभाग रतलाम के प्रयासों से 49 वार्डों में चल रहें शिविरों में नगर के प्रथम नागरिक ने योग भ्रमण कर योग साधकों को संबोधित किया हनुमान ताल, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, बिरसा मुंडा उघान, जवाहर नगर, सहित वार्ड क्र. 4 देवरा देवनारायण कालोनी जलेश्वर महादेव पार्षद श्रीमती देवकन्या मुकेश मीणा द्वारा प्रकृतिमय भक्ति वातावरण में वार्ड योग समिति का गठन कर नियमित योग शाला संकल्प के साथ रहवासियों के लिए सात दिवसीय निरूशुल्क योग शिविर लगाया जाएगा

साथ ही वार्ड क्र. २ विधायक सामुदायिक भवन लक्ष्मणपुरा स्थित जनसमूह में योग शिक्षक बनने के लिए अग्रसर होकर योग से आत्मनिर्भर बनने की ओर कदम बड़ा रहे ऐसे कई साधकों में उर्जा का संचार दिखाई दे रहा कौशलता लिए पतंजलि परिवार के कुशल योग शिक्षकों द्वारा वार्डों में योगाभ्यास कराया योग मार्ग निश्चित ही क्षेत्र वासियों को आ रही जन सामान्य परेशानीयों का भी निराकरण करने में सहायक बनेगा।पतंजलि युवा भारत राज्य प्रभारी प्रेम पुनिया जिला आयुष अधीकारी डॉ. दाताराम जयवंत जी के मार्गदर्शन में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला प्रभारी डॉ. उत्तम शर्मा, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अपार उपाध्याय, महिला पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी पिस्ता यादव, जय श्री राठौर, युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी नित्येन्द्र आचार्य, युवती प्रभारी दिव्या उपाध्याय, जिला यज्ञ प्रभारी महर्षि संजय शिवशंकर दवे, भागवताचार्य पं चेतन शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य रत्नेश विजयवर्गीय, डॉ प्रदीप जैन, गोवर्धन बिलवार, कमला शंकर पाठक, कार्यालय प्रभारी अशोक शर्मा, संवाद प्रभारी इंदु कुमार तिवारी, समस्त गुरु निष्ठ योग शिक्षक शिक्षिका साधक अपनी सेवाएँ दे रहें।महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा योग आग्रह समस्त 49 वार्डों के योग शिक्षकों साधकों का एकत्रीकरण 19 से 21 जून तीन दिवसीय भव्य योग शिविर स्वस्थ समाज की लहर विधायक सभागृह बड़बड़ में नगर परिवार जन स्वास्थ्य लाभ लेगें।

# भादवामाता में विभिन्न पांच निर्माण कार्यो का किया कलेक्टर ने निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच



कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र, महामाया मां भादवामाता में आने वाले श्रृद्धालुओं की सुविधाओं के लिए संस्थान द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्यो का कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मौके पर निरीक्षण कर कार्यो की प्रगति का जायजा लिया और कार्य तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए। चार करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न निर्माण कार्य प्रस्तावित

भादवामाता में लेंडस्केपिंग, विद्युतीकरण, दुकानों का निर्माण, महिला सुविधा घर का निर्माण होगा

मंदिर प्रांगण एवं आस्था भवन के रिक्त परिसर में कलेक्टर ने लैडस्केपिंग कार्य के लिए 91 लाख लागत, भादवा माता में श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए संस्थान की ओर से 2.20 करोड़ की लागत से व्यवसायिक दुकानों का निर्माण करवाने, भादवामाता मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा एवं स्क्रीन की व्यवस्था करने, बस स्टेण्ड से मंदिर के मुख्य द्वार तक ३१ लाख की लागत से 500 मीटर विद्युतीकरण कार्य एवं 27 लाख की लागत से नवीन महिला सुविधा घर एवं स्नानाघर निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए एवं प्रस्ताव स्वीकृति की प्रत्याशा में उक्त कार्य अविलम्ब प्रारंभ करवाने के निर्देश भी दिए है।

कलेक्टर ने भादवामाता में पाथ वे निर्माण कार्य, नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होने नाला निर्माण कार्य के साथ नाले को कव्हर्ड करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने भादवामाता में स्थिति सभी सुविधा घर एवं स्नानाघर का जीर्णोद्वार रेनोवेशन कार्य का तत्काल प्रारंभ कर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। जिससे कि श्रृद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव को भादवामाता के सम्पूर्ण परिसर व ग्राम पंचायत स्कूल परिसर दुकानों के परिसर और कोरीडोर, डोम आदि स्थानों पर विशेष टीम लगाकर पर्याप्त साफ सफाई करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होने साफ-सफाई व्यवस्था उपयुक्त नहीं पाए जाने पर संस्थान द्वारा कार्यरत सफाई कामगारों एवं दरोगा के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा प्रबंधक सहायक प्रबंधकों द्वारा साफ-सफाई कार्य की मॉनिटरिंग में ढिलाई बरतने पर उनके विरूद्ध भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण दौरन एसडीएम श्री पराग जैन, तहसीलदार सुश्री मृणालिनी तोमर व अन्य अधिकारी संस्थान के कर्मचारी उपस्थित थे।




# मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करना अवैध व अलोकतांत्रिक- कांग्रेस

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भाजपा का राजनैतिक षड्यंत्र करार दिया है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री महेंद्रसिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के पास निर्वाचन के लिए स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद भाजपा ने तीसरा उम्मीदवार खड़ा किया और फिर मिथ्या आधार पर आपत्ति प्रस्तुत कर नामांकन निरस्त करवा दिया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार बताते हुए कहा कि फॉर्म २६ के कॉलम में निजी परिवाद के नोटिस को लेकर कोई जानकारी नहीं पूछी गई थी, लेकिन चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को ताक पर रखकर यह निर्णय लिया। पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने कहा कि भाजपा द्वारा लोकतंत्र पर किए गए इस प्रहार का कांग्रेस वैज्ञानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से प्रतिकार करेगी। वहीं पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल ने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान की मयार्दा का हनन कर पूरी व्यवस्था को अपने नियंत्रण में करना चाहती है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि सुश्री नटराजन के विरुद्ध ऐसा कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है जिस पर न्यायालय ने संज्ञान लिया हो, बल्कि संबंधित न्यायालय ने प्रकरण वापस कर दिया था। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने भी नामांकन निरस्त करने की पुष्टि नहीं की है बल्कि चुनाव याचिका की प्रक्रिया अपनाने का मत दिया है। इस दौरान पूर्व विधायक पुष्पा भारती, परशुराम सिसोदिया, सोमील नाहटा आदि उपस्थित थे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक संपन्न

**बड़वानी.** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में समय-सीमा और अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, आगामी त्योहारों की कानून व्यवस्था और विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचना ही प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का आत्म बोध करें और पूरी जवाब देहिता व संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। उर्वरक वितरण की नियमित मॉनिटरिंग और संतुलित उपयोग पर जोरः- कलेक्टर ने कृषि विभाग और समस्त एसडी एम को निर्देशित किया कि जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण सुचारू रूप से बना रहे। जिन समितियों में उर्वरक वितरण 75 से कम है, उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए और वितरण का ग्राफ बढ़ाया जाए। किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में जागरूक किया जाए।

### परम पवित्र पुरुषोत्तम मास में जूना श्रीराम मंदिर बना भक्ति और श्रद्धा का केंद्र



**मंडलेश्वर.** नगर के लगभग तीन शताब्दी प्राचीन जूना श्रीराम मंदिर में परम पवित्र पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हो रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण, पूजन-अर्चन और यज्ञ में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। जूना श्रीराम मंदिर के संस्थापक एवं कथा वाचक पंडित पंकज मेहता (गुरुजी) ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 मई, रविवार से प्रारंभ हुए इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत आर्थिक समृद्धि, व्यापारिक उन्नति, उत्तम स्वास्थ्य तथा भगवत कृपा की प्राप्ति के उद्देश्य से प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। पुरुषोत्तम मास को भगवान विष्णु का अत्यंत प्रिय मास माना जाता है और इस अवधि में किए गए जप, तप, दान, व्रत एवं कथा-श्रवण का अक्षय पुण्य प्राप्त होता है।उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन प्रातः सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ में प्रतिदिन एक यजमान दंपति वैदिक विधि-विधान के साथ पूजन, पाठ एवं अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

## रामचरितमानस कथाः पुण्य आत्मा के प्रताप से पापी भी बचे रहते हैं – स्वामी सत्यव्रत

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरुषोत्तम (अधिक) मास के उपलक्ष्य में नर्मदा तट के पूज्य पाद स्वामी श्री सत्यव्रत चैतन्य द्वारा 1 जून से 15 जून तक प्रतिदिन रामचरितमानस कथा का वाचन किया जा रहा है। शनिवार को कथा के दौरान स्वामी जी ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब रावण को पता चला कि विभीषण उसकी जगह प्रभु श्री राम की आराधना कर रहे हैं, तो उसने विभीषण को लंका से निकाल दिया। विभीषण के निकलते ही लंका के पतन की शुरूआत हो गई, क्योंकि राक्षस कुल में जन्म लेने के बाद भी विभीषण परम भक्त थे और उनके पुण्य प्रताप के कारण ही लंका के पापी लोग अब तक सुरक्षित बचे हुए थे। शास्त्रों के अनुसार, भले ही किसी पापी का भला हो जाए, लेकिन पुण्यशाली व्यक्ति को कभी दुःख या अहित नहीं पहुँचना चाहिए। विभीषण निष्कासन के बाद असमंजस में थे, लेकिन विचार करने के बाद वे प्रभु श्री राम की शरण में पहुँचे, जहाँ भगवान ने उन्हें सहर्ष स्वीकार कर लंका का राजा बनाने का वचन दिया। यह प्रसंग सिखाता है कि जो भी सच्चे मन से भगवान की शरण में जाता है, प्रभु उसे अपना सानिध्य और आशीर्वाद अवश्य प्रदान करते हैं। इसके बाद, विभीषण की सलाह पर जब प्रभु श्री राम ने समुद्र से रास्ता देने के लिए तीन दिनों तक प्रार्थना की और समुद्र प्रकट नहीं हुआ, तब भगवान के क्रोधित होने पर समुद्र देव प्रकट हुए। उन्होंने प्रभु को उपाय बताते हुए कहा कि वानर सेना में शामिल नल और नील यदि श्री राम नाम लिखकर पत्थर समुद्र में फेंकेंगे, तो वे डूबने के बजाय तैरने लगेंगे।

### 30 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा और एक मोटरसाइकिल जब्त

नीमच। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जीरन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। थाना प्रभारी जीरन निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार शनिवार 13 जून 2026 को हर्कियाखाल पुलिस सहायता केंद्र के पास महू-नीमच रोड पर नाकाबंदी और वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-14 एमडी-5410 पर सवार एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा।

# कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर की बेटियों ने निकाली जनजागरण रैली

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर




गायत्री शक्तिपीठ मंदसौर में आयोजित निःशुल्क पाँच दिवसीय आवासीय कन्या कौशल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत शिविर की कन्याओं द्वारा शहर में एक प्रेरणादायी जनजागरण रैली निकाली गई।

मुख्य ट्रस्टी सुषमा दीदी ने बताया कि निशा धनोतिया एवं पवन गुप्ता की कुशल टोली द्वारा इस शिविर का संचालन किया जा रहा है। इस रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में नारी जागरण, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशामुक्ति और संस्कारों का संदेश फैलाना था। रैली के दौरान कन्याएँ अनुशासित पंक्तियों में चलते हुए उत्साहपूर्वक च्हम बदलेंगे, युग बदलेगाज्ज और च्नारी शक्ति जागेगीज्ज जैसे प्रेरक नारों का उद्घोष कर रही थीं, जिसकी नगरवासियों ने मुक्त कंठ से सराहना की।

शिविर के दौरान एक विशेष जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें सुश्री निशा दीदी ने कन्याओं को आधुनिक समय में सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों, भावनात्मक शोषण और संबंधों के प्रति सजग रहने की महत्वपूर्ण जानकारी दी। आलोट से पधारे शिवनारायण चौहान ने बेटियों को स्व-बोध कराते हुए अपनी लड़ाई खुद लड़ने की प्रेरणा दी। जिला समन्वयक जसवंत सिंह राठौर ने बताया कि शिविर की दिनचर्या उपासना, प्रज्ञायोग और सूर्य अर्घ्यदान से शुरू हुई, जिसके बाद व्यक्तित्व विकास, महिला सशक्तिकरण और जीवन प्रबंधन जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। उज्जैन उपजोन समिति के सदस्य ईश्वरलाल फरक्या ने कहा कि युगऋषि श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माताजी के विचारों से प्रेरित इस शिविर का उद्देश्य कन्याओं को आत्मनिर्भर और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित बनाना है।

### 15 दिवसीय डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन सीरीज का शुभारंभ रक्तदान शिविर के साथ होगा

नीमच। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नीमच द्वारा डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित 15 दिवसीय डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन सीरीज का शुभारंभ शनिवार को रक्तदान शिविर के साथ होगा। शहर के चोरड़िया हॉस्पिटल स्थित डी-लाइफ ब्लड बैंक में सुबह 9.30 बजे से आयोजित इस शिविर में चिकित्सक स्वयं रक्तदान कर समाज को मानव सेवा और रक्तदान का संदेश देंगे।

### फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे

# मोदी फ्रांस पहुंचे, राष्ट्रपति मैक्रों से आज मुलाकात, 12 समझौते संभव; राफेल के सोर्स कोड लेने पर चर्चा



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के नीस पहुंच गए हैं। वे आज दोपहर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। साथ ही 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, हेल्थ टेक, मेडिकल टेक्नोलॉजी, अक्, सेमीकंडक्टर और स्पेस टेक्नोलॉजी से जुड़े 12 समझौते हो सकते हैं। भारत और फ्रांस के बीच 114 राफेल लड़ाकू विमानों की डील पर अहम चर्चा होगी। भारत चाहता है कि इन विमानों में अपने हथियार जोड़ने की सुविधा मिले। इसके लिए सोर्स कोड का मुद्दा भी उठाया जाएगा। डील पर अभी कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति की मंजूरी नहीं मिली है। प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद ही इस पर अंतिम फैसला होगा।

प्रधानमंत्री 13 से 18 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया के 6 दिनों के दौरे पर हैं। पीएम बनने के बाद उनकी यह 7वीं फ्रांस यात्रा है। उनका फ्रांस दौरा दो फेज में होगा। इस दौरान 3 शहरों नीस, एवियान और पेरिस जाएंगे। वे 13-14 जून तक नीस में रहेंगे। 16 से 17 जून को एवियान में G7 समिट में हिस्सा लेंगे। 18 जून को पेरिस में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ विवाटेक सम्मेलन में जाएंगे। 17 जून को G7 समिट के दौरान मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से द्विपक्षीय मुलाकात होगी। दोनों नेता 16 महीने बाद मिलेंगे। दोनों आखिरी बार फरवरी 2025 में वॉशिंगटन में मिले थे।




# नशे का गढ़ बन रहा पूर्वोत्तर का राज्य मिजोरम, म्यांमार से नशे की सीधे होम डिलीवरी, करीब 4000 किलो ड्रग्स जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

रात के करीब साढ़े 11 बजे हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल में पारा गिर रहा है और सड़कें लगभग सुनसान हैं। लेकिन, इस सन्नाटे में साधारण कपड़े पहने कुछ युवक हाथों में टॉर्च और लकड़ी के डंडे लिए नजर आए। पूछने पर पता चला कि ये पुलिस नहीं, बल्कि यंग मिजो एसोसिएशन (वाईएमए) के वॉलेंटियर्स हैं, जो सूबे की रगों में घोले जा रहे म्यांमार के सिंथेटिक ड्रग्स आइस से अगली पीढ़ी को बचाने के लिए पहरा दे रहे हैं।

मिजोरम इस समय अपने इतिहास के सबसे भयावह नशा संकट से जूझ रहा है। म्यांमार की 500 किमी लंबी खुली सीमा से आने वाले खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स ने राज्य के सामाजिक ताने-बाने को बिखेर दिया है। पिछले साल इस ड्रग्स ने 118 तो इस साल अब तक 21 जानें ले ली हैं। म्यांमार सीमा से सटा चंफाई जिला इसका मुख्य कॉरिडोर है। बीते 3 साल में यहां से करीब 4 हजार किलो ड्रग्स जब्त हुई।

चौंकाने वाली बात यह है कि पूरा कारोबार डिजिटली हो रहा है। ड्रग्स सप्लायर वॉट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीक्रेट ग्रुप्स बनाकर नेटवर्क चला रहे हैं। सिर्फ चैट ग्रुप का स्क्रीन शॉट दिखाकर आसानी से ड्रग्स मिल जाती है। मिजोरम एक्साइज एंड नारकोटिक्स विभाग के संयुक्त आयुक्त पीटर जोहमिंगथांगा ने बताया कि स्थानीय नेटवर्क में आइस और कैंडी जैसे कोड वर्ड्स से ड्रग्स बेचा जा रहा है।

### डेढ़ महीने में आइजोल में ही 239 मरीज सामने आए


पिछले महीनों में ड्रग्स की होम डिलीवरी भी हो रही है। आइजोल स्थित सामाजिक कार्यकर्ता एलिन लालावनिपुई हमें उन मरीजों के पास ले गईं, जो सिंथेटिक ड्रग्स के शिकार हुए। उन्होंने बताया कि मैंने इस साल 10 अप्रैल से 28 मई के बीच केवल आइजोल में 239 मरीज दर्ज किए हैं। इतने कम समय में इतने मरीज मिलना स्थिति की भयावहता को दिखाता है। इनमें से ज्यादातर लोग पहले शराब और गांजा पीते थे, लेकिन अब खतरनाक ड्रग्स ले रहे हैं।

वाईएमए की सेंट्रल कमेटी के महासचिव प्रो. मालसॉमलियाना भी साथ में हैं। मालसॉमलियाना ने हमें बॉर्डर के वो इलाके भी दिखाए, जहां से म्यांमार से ड्रग्स मिजोरम में आती है। इन्होंने बताया कि यहां सीमा के पार म्यांमार का रिहखावदार इलाका है, जहां दोनों ओर के लोगों के पारिवारिक संबंध हैं।



### करीब 5 लाख वॉलेंटियर्स ह्यऑपरेशन जेरिकोह्ण चला रहे

सबसे बड़ी बात है कि इस सिंथेटिक ड्रग्स के खिलाफ मिजोरम के लोग खुद जंग लड़ रहे हैं। प्रो. मालसॉमलियाना ने बताया कि जब सरकारी तंत्र बेबस दिखने लगा, तो मिजो समाज की सदियों पुरानी परंपरा निस्वार्थ सेवा की भावना जाग उठी। चर्च, स्थानीय समुदाय और 5 लाख वॉलेंटियर्स वाले संगठन वाईएमए ने खुद मोर्चा संभाल लिया। हमने सितंबर 2025 में पुलिस और नारकोटिक्स विभाग के साथ मिलकर ह्यऑपरेशन जेरिकोह्ण शुरू किया। चंफाई के 13 संवेदनशील गांवों में हमारे वॉलेंटियर्स तैनात हैं। हमारा खुफिया नेटवर्क जैसे ही इनपुट देता है, हम पुलिस के साथ मिलकर रेड करते हैं। हमारा काम पीड़ितों को बचाना और उन्हें रिहैब (नशामुक्ति केंद्र) तक पहुंचाना है।




### TMC में फूट के बाद आगे क्या हो सकता है

**कानूनी लड़ाई तेज होगी:** ममता गुट और बागी गुट विधानसभा, चुनाव आयोग और अदालतों में अपनी-अपनी वैधता साबित करने की कोशिश करेंगे।

**दल-बदल कानून की परीक्षा:** बागी विधायकों के पास दो-तिहाई संख्या होने का दावा है, इसलिए उनकी मान्यता पर बड़ा कानूनी विवाद हो सकता है।

**संगठन में और टूट-फूट संभव:** कुछ विधायक, सांसद और जिला स्तर के नेता भी पक्ष चुन सकते हैं, जिससे दोनों गुटों की ताकत बदल सकती है।

**ममता बनर्जी डैमेज कंट्रोल करेंगी:** असंतुष्ट नेताओं को मनाने, संगठन में बदलाव और नए चेहरों को आगे लाने की कोशिश हो सकती है।


**भाजपा और कांग्रेस नजर बनाए रखेंगी:** विपक्षी दल TMC के संकट का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं।

# कल्याण बनर्जी बोले- अभिषेक मेरे बेटे जैसे

### माफ करना पिता का काम है; पहले कहा था- ममता या तो मुझे चुनें या अभिषेक को

**TMC** के सांसद कल्याण ने यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि अभिषेक बनर्जी मेरे बेटे जैसा है और बेटे की सभी गलतियों को माफ करना पिता का काम होता है। इससे पहले उन्होंने 11 जून को उन्होंने कहा था कि ममता बनर्जी को मुझे या अभिषेक में से किसी एक को चुनना होगा।

दरअसल, गुरुवार को अभिषेक ने फर्जी साइन मामले में अपने अपना वकील बदल लिया था। पहले कल्याण इस केस में अभिषेक के वकील थे। इसके बाद कल्याण ने कहा था कि अभिषेक को सीनियर नेताओं का सम्मान करना नहीं आता। वे बहुत अहंकारी हैं। इसी वजह से पार्टी बर्बाद हुई है। शुक्रवार को अभिषेक बनर्जी ने भी कहा कि कल्याण बनर्जी मुझसे बड़े हैं। उन्हें अपने विचार व्यक्त करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने मुझे बचपन से देखा है, इसलिए मैं उनके खिलाफ कुछ नहीं बोलूंगा। ममता बनर्जी की पार्टी में टूट लगभग तय है। 28 से में 19 सांसद और 80 में से 58 विधयाक अगल गुट बनाने की तैयारी में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स, 19 सांसदों का गुट कल दिल्ली में केंद्रीय मंत्री और बंगाल भाजपा के प्रभारी भूपेंद्र यादव से मिलेगा। सोमवार को ये लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिलकर अलग गुट बनाने का दावा पेश करेंगे।








# जिंदा मिसाइल के साथ भारत पहुंचा ऑयल टैंकर, ओमान तट के पास हमला हुआ

इंडियन नेवी ने संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से कोच्चि आए एक ऑयल टैंकर से जिंदा मिसाइल को सुरक्षित निकालकर बड़ा समुद्री हादसा टाल दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 26 मई को ओमान तट के पास टळ ओलम्पिक ऑयल टैंकर पर हमला हुआ था। इस शिप पर मार्शल आइलैंड का झंडा था।

हमले के बाद मिसाइल का वारहेड फटा नहीं, बल्कि टैंकर के बाहरी हिस्से को भेदते हुए फ्यूल टैंक में जाकर फंस गया। टैंकर अरब सागर में करीब 2,000 किलोमीटर का सफर तय करके कोच्चि पहुंचा। 11 जून को इंडियन नेवी ने हाई-रिस्क ऑपरेशन चलाकर मिसाइल वारहेड को बाहर निकाला।




### हमले से तेल रिसा, फिर भी चलता रहा टैंकर

26 मई को इंटरनेशनल न्यूज एजेंसी एजेंसी रॉयटर्स ने बताया था कि ओमान की राजधानी मस्कट से करीब 1.8 किलोमीटर दूर टैंकर के बाएं हिस्से में पानी के पास धमाका हुआ था। हालांकि टैंकर का कामकाज देखने वाली कंपनी स्प्रिंगफील्ड शिपिंग ने कहा था कि किसी अज्ञात चीज ने टैंकर को टक्कर मारी है।

बाद में टैंकर ने अधिकारियों को बताया कि उसके अंदर एक जिंदा मिसाइल वारहेड फंस गया है। धमाके के कारण टैंकर से कुछ तेल भी समुद्र में बह गया था। लेकिन टैंकर ने अपना सफर जारी रखा। इस बीच इंडियन नेवी को भी टैंकर में मिसाइल फंसे होने की जानकारी दी गई।

कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान ने विस्फोटक निष्क्रिय करने में माहिर एक्सप्लोसिव ऑर्डनेंस डिस्पोजल (एडऊ) टीम को मौके पर भेजा। इस पूरे ऑपरेशन का को-ऑर्डिनेशन गुरुग्राम स्थित भारतीय नौसेना के इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर-इंडियन ओशन रीजन (क्रऋछ-क्डफ) ने किया।

जांच में पता चला कि मिसाइल ने ऑयल टैंकर के बाहरी हिस्से को चीरते हुए कई हिस्सों को नुकसान पहुंचाया और आखिर में फ्यूल टैंक में जाकर फंस गई थी। ऐसी स्थिति में जरा सी चूक भी बड़े धमाके का कारण बन सकती थी।

इससे टैंकर, चालक दल और बंदरगाह के आसपास का इलाका खतरे में पड़ सकता था। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, एडऊटीम ने बेहद सावधानी से कई फेज में ऑपरेशन चलाया। सबसे पहले सभी सुरक्षा इंतजाम किए गए।

इसके बाद एक्सपर्ट्स ने आधुनिक उपकरणों की मदद से वारहेड के विस्फोटक सिस्टम का पता लगाया और उसे निष्क्रिय किया। इसके बाद वारहेड और उससे जुड़े मलबे को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाल लिया गया। निकाले गए वारहेड को अब एक सुरक्षित जगह पर रखा गया है, जहां उसकी जांच की जाएगी।

### रक्षा मंत्रालय बोला- इंडियन नेवी मुश्किल हालात से निपटने में सक्षम

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इंडियन नेवी ने इसे पूरी सावधानी के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया। मंत्रालय के मुताबिक, इस ऑपरेशन से साबित हुआ कि नेवी समुद्र में आने वाली मुश्किल परिस्थितियों और विस्फोटक खतरों से निपटने में सक्षम है। मंत्रालय ने कहा कि टैंकर किस देश का था या उसमें कौन लोग सवार थे, इसकी परवाह किए बिना पूरा ऑपरेशन चलाया गया। यह ऑपरेशन समुद्री सुरक्षा के प्रति भारत की जिम्मेदारी और क्षेत्र में उसकी मजबूत भूमिका को भी दिखाता है।

■ वर्ष-12 अंक-221 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 14 जून, 2026

### सुभाषितानि

वरयेत्कुलजां प्राज्ञो निरूपामपि कन्यकाम्।
रूपवतीं न नीचस्य विवाहः सदृशे कुले॥

**भावार्थ** : बुद्धिमान मनुष्य को चाहिए कि वह रूपवती न होने पर भी कुलीन कन्या से विवाह कर ले, किन्तु नीच कुल की कन्या यदि रूपवती तथा सुशील भी हो, तो उससे विवाह न करे। क्योंकि विवाह समान कुल में ही करनी चाहिए।

यो ध्रुवाणि परित्यज्य ह्यध्रुवं परिसेवते।
ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति चाध्रुवं नष्टमेव तत्॥

**भावार्थ** : जो निश्चित को छोड़कर अनिश्चित का सहारा लेता है, उसका निश्चित भी नष्ट हो जाता है। अनिश्चित तो स्वयं नष्ट होता ही है।

## निर्वाचनप्रमाणपत्रं प्राप्य भाजपानेतृभिः दलनेतृत्वं कार्यकतृर्णां च कृतज्ञता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अनेन भाजपायाः मतदानस्य आवश्यकतां विना त्रीणि अपि आसनानि सुरक्षितुं अवसरः प्राप्तः। निर्वाचनप्रमाणपत्रं प्राप्य भाजपानेतृभिः दलनेतृत्वं कार्यकतृर्णां च कृतज्ञता प्रकटिता। तेषां कथनमस्ति यत् मध्यप्रदेशस्य हितविकाससम्बद्धाः विषयाः राज्यसभायां प्रबलतया उत्थापिताः भविष्यन्ति। इतरथा भाजपा अस्याः विजयस्य कारणं प्रधानमन्त्रिणः नेतृत्वं, संगठनात्मकं एकतां, जनविश्वासं च अकरोत्। अपरपक्षे एतत परिणामं काङ्ग्रेसपक्षस्य कृते राजनैतिकविघ्नरूपेण दृश्यते। नामाङ्कनस्य रद्दीकरणस्य कारणात राज्यसभानिर्वाचने दलं प्रभावी आव्हानं स्थापयितुं न शक्तवान्। परन्तु अस्य विषये काङ्ग्रेसपक्षस्य विस्तृतप्रतिक्रिया प्रतीक्षिता अस्ति।

## सम्पादकीयम्

### विपक्षस्य आक्षेपः

विपक्षस्य आक्षेपः महिला आरक्षणस्य विषये एव न, अपितु तस्य कार्यान्वयनस्य पद्धतिः परिसीमनस्य विषयः च प्रति निर्देशितः अस्ति। विपक्षस्य आरोपः अस्ति यत् सर्वकारः महिला आरक्षणस्य बहाने स्वस्य राजनैतिकहितस्य सेवां कर्तुम् इच्छति। सम्प्रति तमिलनाडु-पश्चिमबङ्ग-देशयोः मतदानं भवितुं निश्चितम् इति दृष्ट्वा विशेषसत्रस्य समयविषये अपि प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। एडमफिट विपक्षस्य कारणानि : परिसीमनं महिला आरक्षणं च द्वौ विशिष्टौ विषयौ स्तः येषां पृथक पृथक अवलोकनं सम्बोधनं च आवश्यकम्। १९७१ तमे वर्षात् संसदे आसनानां संख्या अपरिवर्तिता एव अस्ति-एषः स्थिरता दक्षिणराज्यानां चिन्ताभिः सटीकरूपेण चालितः यत् सम्प्रति चचार्यां वर्तते। इदानीं विगतदशकत्रयात् महिला आरक्षणस्य विषयः स्थगितः एव अस्ति। महिला आरक्षणविधेयकं प्रथमवारं १९९६ तमे वर्षे एच्.डी. देवेगौडा प्रशासनं, परन्तु तत उत्तीर्णं न अभवत्। तदनन्तरं त्रयः अपि प्रयासाः असफलाः अभवन्। पूर्वमेव अतिदेयम् संसदे राज्यसभासु च पर्याप्तं प्रतिनिधित्वं महिलानां अधिकारः अस्ति-एषः अधिकारः तेभ्यः बहुकालपूर्वं दातव्यः आसीत्। अद्यत्वे महिलाः अनेकक्षेत्रेषु समानभागित्वं प्रदर्शयन्ति, राजनीतिः अपवादः अपि उल्लेखनीयः, यत्र ते बहुधा केवलं मतबैङ्कस्य स्थितिं यावत् सीमिताः सन्ति लोकसभायां केवलं १४% महिलासांसदानां।

अत एव अस्य आन्दोलनस्य लोकप्रियता द्रुतगत्या वर्धिता

## इदानीं कृते काकरोच जनता पार्टी प्रतीकरूपेण कार्यं करोति... एतत् आन्दोलनरूपेण उद्भूतम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

एषा पीढी स्वविचारानाम् अभिव्यक्तिं कर्तुं सामाजिकमाध्यमानां, विडियोसामग्रीणां, डिजिटल-अभियानानां च प्रभावीरूपेण उपयोगं करोति। अत एव अस्य आन्दोलनस्य लोकप्रियता द्रुतगत्या वर्धिता। पारम्परिकसङ्गठनानां उपरि अवलम्बनस्य स्थाने अन्तर्जाल-आधारित-जालद्वारा युवानः संयोजिताः भूत्वा स्वमाङ्गल्याः राष्ट्रिय-मञ्चे आनयन्ति स्म।

एतत् आन्दोलनं पारम्परिकराजनीतेः क्षेत्रे अपि सन्देशं प्रेषयति इति राजनैतिकपर्यवेक्षकाः मन्यन्ते। चिरकालं यावत युवानः केवलं निर्वाचनसांख्यिकीयरूपेण एव दृश्यन्ते स्म, परन्तु अधुना ते स्वतन्त्रतया स्वविषयान् अग्रे आनयन्ति। जाति-धर्म-क्षेत्रीय-परिचय-अपेक्षया रोजगार-शिक्षा-अवकाश-सम्बद्धाः प्रश्नाः तेषां कृते अधिकं महत्त्वपूर्णाः भवन्ति। अत एव एतत् आन्दोलनं विभिन्नराज्येषु सामाजिकपृष्ठभूमिषु च युवानां समर्थनं प्राप्नोति।

परन्तु केचन समीक्षकाः तर्कयन्ति यत् सामाजिकमाध्यमेन चालितानां आन्दोलनानां पृष्ठतः ऊर्जा प्रायः क्षणिकः भवति, कालान्तरेण च क्षीणा भवति। तथापि आन्दोलने संलग्नाः एतां धारणाम् अङ्गीकुर्वन्ति। तेषां कथनमस्ति यत् तेषां उद्देश्यं केवलं विरोधस्य पञ्जीकरणं न अपितु नीतिनिर्माणस्य प्रशासनिकसुधारस्य च विषये सार्थकं संवादं पोषयितुं वर्तते। अधुना बहवः युवासमूहाः रोजगारस्य, परीक्षाव्यवस्थायाः, शैक्षिकसुधारस्य च विषये विस्तृतप्रस्तावान् अपि निर्मान्ति।



समाजशास्त्रज्ञानाम् अनुसारं काकरोच जनता पार्टी आन्दोलनेन नूतना पीढी पारम्परिकराजनैतिकवाक्पटुतायाः दूरं गत्वा स्वकीया विशिष्टशैल्याः विकासं कुर्वती इति संकेतं ददाति। एषः दृष्टिकोणः-हास्यस्य, व्यङ्ग्यस्य, मीम-संस्कृतेः, डिजिटल-सञ्चारस्य च माध्यमेन गम्भीरान् विषयान् उत्थापयितुं-जेन जेड्-इत्यस्य एकं लक्षणं भवति। एतत् आन्दोलनस्य व्यापकं व्याप्तिम् अयच्छत्, ये युवानः अपि आकर्षयन्ति ये सामान्यतया राजनैतिकक्रियाकलापात् दूरं तिष्ठन्ति आर्थिकविशेषज्ञाः युवानां चिन्तानां गम्भीरतापूर्वकं ग्रहणस्य आवश्यकतायाः उपरि बलं ददति। भारते विश्वस्य कनिष्ठतमजनसंख्यासु अन्यतमम् अस्ति, आगामिषु वर्षेषु रोजगारः, कौशलविकासः, गुणवत्तापूर्णशिक्षा च इति विषयाः अधिकाधिकं महत्त्वपूर्णाः भविष्यन्ति एतेषां विषयाणां निवारणं न कृत्वा युवानां मध्ये असन्तुष्टिः वर्धयितुं शक्नोति। इदानीं कृते काकरोच जनता पार्टी प्रतीकरूपेण कार्यं करोति...एतत् आन्दोलनरूपेण उद्भूतम्, तथापि तस्य प्रभावः दूरतरं महत्त्वपूर्णः दृश्यते। सामाजिकमाध्यमात वीथिषु गत्वा अस्मिन् अभियाने स्पष्टं जातं यत् देशस्य युवानः स्वभविष्यसम्बद्धेषु विषयेषु अधिकाधिकं मुखराः भवन्ति। जन्तर-मन्तरे विशाल-मतदानेन, डिजिटल-मञ्चेषु प्राप्तेन समर्थनेन च एतत् २०२६ तमस्य वर्षस्य सर्वाधिक-चर्चित-युवा-आन्दोलनेषु अन्यतमम् इति स्थापितं अस्ति।

सुनवायीकाले न्यायालयेन

## उपलब्धतथ्यानि पक्षद्वयेन प्रस्तुतानि तर्काः च विचारितानि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

तिष्ठन्ति स्म-तथापि तदनन्तरं आरोपाः तस्मिन् सन्दर्भे एव अवश्यं द्रष्टव्याः इति सुनवायीकाले न्यायालयेन उपलब्धतथ्यानि, पक्षद्वयेन प्रस्तुतानि तर्काः च विचारितानि। प्राथमिकरूपेण न्यायालयेन अवलोकितं यत् उभौ पक्षौ प्रौढौ आस्ताम्, दीर्घकालं यावत् सहमतिसम्बन्धे आस्ताम्। न्यायालयेन स्वीकृतं यत् अन्वेषणं प्रचलति, अन्वेषणस्य, विवादस्य च अनन्तरमेव अन्तिमनिष्कर्षाः उद्भवन्ति; तथापि प्रचलितपरिस्थितौ अभियुक्तेभ्यः पूवार्नुमानीयजमानतलाभं दातुं उचितं मन्यते स्म।

सशर्तं पूवार्नुमानं जमानतम् अयच्छन् उच्चन्यायालयेन अभियुक्तान् अन्वेषणसंस्थायाः सह पूर्णतया सहकार्यं कर्तुं निर्देशः दत्तः। न्यायालयेन निर्धारितं यत् अभियुक्तः निर्दिष्टसमये तिथौ च अन्वेषणपदाधिकारिणः समक्षं उपस्थितः भवितुमर्हति, अन्वेषणप्रक्रियायां किमपि प्रकारेण बाधां न जनयितुं अर्हति।

अपि च, न्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत यदि पुलिस अथवा अन्वेषणसंस्था आवश्यकं मन्यते तर्हि अभियुक्तानां चिकित्सापरीक्षा करणीयम् इति। न्यायालयेन एकः शर्तः अपि स्थापिता यत् अभियुक्ताः प्रमाणेषु छेदनं कर्तुं वा साक्षिषु किमपि प्रकारेण दबावं कर्तुं वा प्रयतन्ते इति निषिद्धम्। विधिविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एषः आदेशः तेषु प्रकरणेषु महत्त्वपूर्णः अस्ति यत्र दीर्घकालीनसहमतसम्बन्धानां अनन्तरं बलात्कारस्य आरोपाः उत्पद्यन्ते। परन्तु न्यायालयः प्रकरणस्य विषयवस्तुविषये अन्तिमघोषणा कर्तुं निवृत्तः, स्पष्टीकृत्य यत् आरोपानाम् सत्यता विवादस्य समये प्रमाणाधारितं निर्धारितं भविष्यति इति। इदानीं कृते उच्चन्यायालयस्य एतेन आदेशेन अभियुक्तेभ्यः गिरफ्तारीतः राहतं प्राप्तम्।

## राशिफल

**मेष** : आज अपनी व्यक्तिगत बात को किसी के साथ शेयर करने से बचें। जीवनसाथी से सरप्राइज मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृषभ** : कोशिश करें कि रात में नींद ठीक से आए। प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ा कोई अहम फैसला ले सकते हैं।

**मिथुन** : बाहरी खानपान से बचें। काम का दबाव बढ़ सकता है, जिससे मानसिक तनाव हो सकता है।

**कर्क** : तला-भुना ना खाएं। आज बेवजह की खरीदारी से बचें, वरना आपका आर्थिक बजट बिगड़ सकता है।

**सिंह** : आप खुश रहेंगे तो बाकी चीजों में उसका असर साफ तौर पर दिखेगा। अपने लिए कुछ समय निकालें।

**कन्या** : लेनदेन से बचें। फालतू के खर्चा ना करें। बजट के साथ आगे की प्लानिंग करें। आपका अनुशासन पॉजिटिव नतीजे लाएगा।

**तुला** : खानपान में सही बैलेंस बनाए रखें। ज्यादा बाहर का खाएंगे तो दिक्कत होगी। ऐसे में बाहर के खाने से बचें।

**वृश्चिक** : नींद पूरी लें। सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। धन की स्थिति अच्छी रहने वाली है।

**धनु** : कोशिश करें कि आज के दिन कुछ समय अपने लिए निकाल पाएं। अपने शौक खुलकर पूरा करें।

**मकर** : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रुटीन में अब एक्सरसाइज को जरूर शामिल करें।इस हफ्ते सेहत भी अच्छी रहेगी।

**कुंभ** : लव लाइफ में थोड़ी कहासुनी हो सकती है लेकिन चीजें इतनी भी खराब नहीं होंगी। शाम तक स्थिति सही हो जाएगी।

**मीन** : कोई ऐसी बात ना कहने से बचे जिससे किसी का दिल टूटे। काम का प्रेशर ज्यादा फील हो तो कुछ देर के लिए ब्रेक लें।

## ज्योतिष/वास्तु

## शनि वक्री से बदलेगा इन राशियों का भाग्य, नौकरी और कारोबार में खुलेंगे तरक्की के द्वार



शनि की वक्री चाल को ज्योतिष में अत्यंत प्रभावशाली माना जाता है। यह समय कुछ राशियों के लिए बेहद लाभकारी रहता है। इस अवधि में जातकों को करियर, धन, शिक्षा में लाभ मिलने के संकेत दिखाई देते हैं।

ज्योतिष शास्त्र में शनि देव को कर्मफलदाता कहा जाता है। वह सभी ग्रहों में सबसे धीमी गति से चाल चलते हैं। इसलिए उनका मार्गी, वक्री और राशि परिवर्तन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसका प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है। अब वह जल्द मीन राशि में वक्री होने वाले हैं। दरअसल, 27 जुलाई 2026 को शनि देव मीन राशि में वक्री होंगे। 11 दिसंबर 2026 को शनि फिर मार्गी होंगे। शनि की यह वक्री चाल कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ साबित हो सकती है। इस दौरान करियर में उछाल, आर्थिक स्थिति में बदलाव और शिक्षा में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं किन राशियों को शनि की वक्री चाल से विशेष लाभ मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक राशि-** ज्योतिषियों के मुताबिक, शनि देव आपकी कुंडली में तीसरे और चौथे भाव के स्वामी हैं। वह पंचम भाव में वक्री होने जा रहे हैं। ऐसे में यह समय आपके लिए कई मायनों में लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आपकी संतान सुख की प्राप्ति के योग बन सकते हैं। इसके अलावा प्रेम संबंधों में चल रही गलतफहमियां दूर होने की संभावना रहेगी। वहीं विवाहित जीवन में मधुरता बढ़ेगी। इस समय शिक्षा और रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को सफलता मिल सकती है। कुल मिलाकर शनि की वक्री चाल आपके आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता को मजबूत करने का वाला साबित हो सकता है।

**मकर राशि-** मकर राशि के स्वामी स्वयं शनि देव हैं। वे आपकी कुंडली में दूसरे भाव के भी स्वामी माने जाते हैं। वर्तमान में शनि तीसरे भाव में वक्री होंगे। इस समय करियर में नई जिम्मेदारियां आपको प्राप्त होंगी और कई अवसर भी मिलेंगे। मकर राशि वालों के लिए समय इसलिए भी खास हो सकता है, क्योंकि, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को शुभ समाचार मिल सकता है। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना है। इस दौरान व्यापारियों को नए संपर्कों और योजनाओं से लाभ हो सकता है। मेहनत का पूरा फल मिलने लगेगा।

**मीन राशि-** ज्योतिषियों के अनुसार, शनि देव आपकी कुंडली में लाभ भाव और व्यय भाव यानी ग्यारहवें और बारहवें भाव के स्वामी हैं। शनि आपकी ही राशि में प्रथम भाव में वक्री होंगे। ऐसे में लंबे समय से चली आ रही परेशानियों में कमी आने लगेगी। सेहत से जुड़ी परेशानियां कम होंगे। मीन राशि वालों के व्यवसाय में स्थिरता प्राप्त होगी। समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। पुराने निवेशों से लाभ मिलने की संभावना है। मानसिक तनाव कम होगा और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माना जा रहा है कि, शनि की कृपा से आपके कारोबार सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं।

तेजस शिर्से ने हर्डल रेस में नेशनल रिकॉर्ड बनाया, कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई किया

## 13.27 सेकेंड में 110 मीटर रेस पूरी की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पंजाब

तेजस शिर्से ने हर्डल रेस में नेशनल रिकॉर्ड बनायाः13.27 सेकेंड में 110 मीटर रेस पूरी की, कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई किया

भारतीय एथलीट तेजस शिर्से ने हर्डल रेस में नया रिकॉर्ड बना दिया है। उन्होंने शनिवार को 110 मीटर की रेस 13.27 सेकेंड में पूरी की। तेजस ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने मई 2024 में फिनलैंड के जैवस्किला में मोटोनेट जीपी मीट में 13.41 सेकेंड का रिकॉर्ड बनाया था।

तेजस ने पंजाब के लुधियाना स्थित गुरु नानक स्टेडियम में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-9 में यह रिकॉर्ड बनाया। वे इस टूनार्मेंट में रिलायंस फाउंडेशन को रिप्रेजेंट कर रहे थे।

**कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई किया-** तेजस ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई कर लिया। उनका निर्धारित क्वालिफिकेशन मार्क 13.39 सेकेंड से बेहतर रहा। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का आयोजन 23 जुलाई से 2 अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होगा।



### सचिन यादव बाहर रोहित-जेना पर नजर

जैवलिन वर्ल्ड चैंपियनशिप फाइनलिस्ट सचिन यादव कोहनी की चोट के कारण प्रतियोगिता से बाहर रह सकते हैं। ऐसे में रोहित यादव, शिवम लोहाकरे और किशोर कुमार जेना पर नजरें रहेंगी, जो कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करना चाहेंगे। वहीं दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा भी पिछले साल लगी चोट से उबर रहे हैं और उनके कॉमनवेल्थ गेम्स में खेलने की संभावना फिलहाल कम मानी जा रही है।

### अफसल कॉमनवेल्थ क्वालिफिकेशन से चूके

पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में नेशनल रिकॉर्ड बनाने वाले मोहम्मद अफसल कॉमनवेल्थ गेम्स का क्वालिफिकेशन मार्क हासिल नहीं कर सके। उन्होंने 1:47 मिनट का समय निकाला, जबकि ग्लासगो 2026 के लिए निर्धारित क्वालिफिकेशन मानक 1:45 मिनट था।

**रांची में गोल्ड मेडल जीता-** तेजस चोट के कारण कुछ समय ट्रैक से दूर रहे थे। इसके बाद उन्होंने रांची में हुए फेडरेशन कप 2026 में गोल्ड मेडल जीता था।

**एशिया का छठा बेस्ट प्रदर्शन-** तेजस ने 13.27 सेकेंड का समय निकालकर एशिया का छठा बेस्ट प्रदर्शन भी दर्ज किया। यदि उनका चयन भारतीय टीम में होता है तो वह 2014 में सिद्धार्थ थिंगालाया के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लेने वाले पहले भारतीय मेंस 110 मीटर हर्डलर बन जाएंगे।

**रेस-बी में तेजस का दबदबा-** 110 मीटर हर्डल्स रेस-बी में तेजस ने शुरूआत से ही बढ़त बना ली थी। कृष्णिक एम ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंतिम हर्डल से टकराने के बावजूद तेजस ने 13.27 सेकेंड में रेस पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। कृष्णिक एम 13.55 सेकेंड के साथ दूसरे और राजस्थान के माधवेंद्र सिंह 14.00 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

दिल्ली के हरमनजीत सिंह 14.42 सेकेंड के साथ चौथे स्थान पर रहे। हरियाणा के शिवदर्शन ने 14.65 सेकेंड का समय निकालकर पांचवां स्थान हासिल किया। एयर फोर्स के तरनदीप सिंह भाटी 15.01 सेकेंड के साथ छठे और ऑल इंडिया पुलिस के सचिन कुमार 15.48 सेकेंड के साथ सातवें स्थान पर रहे।

**रेस-ए में पंकज पाल साहू विजेता-** रेस-ए में पंजाब के पंकज पाल साहू ने 14.65 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। दिल्ली के शुभम रावत 14.77 सेकेंड के साथ दूसरे और बलराम शर्मा 14.85 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। राजस्थान के मुकुल 15.23 सेकेंड के साथ चौथे और उत्तर प्रदेश के शिवम सिंह 16.91 सेकेंड के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## बांग्लादेशी क्रिकेटर को पुलिस ने सड़क पर पीटा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ चाटगांव

बांग्लादेश टेस्ट टीम के स्पिनर नईम हसन ने चटगांव पुलिस पर मारपीट और गाली देने के आरोप लगाए हैं। नईम का दावा है कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें गला पकड़कर गाड़ी में बैठाया और फिर डंडे से पीटा। 26 साल के क्रिकेटर ने कहा- मैंने अधिकारियों को अपने नेशनल क्रिकेटर होने की बात भी बताई, लेकिन वे नहीं रुके। नईम ढाका प्रीमियर लीग में प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के लिए अपना आखिरी मैच खेलने के बाद 12 जून की रात फ्लाइट से चटगांव पहुंचे थे। वे रात 11:25 बजे सीएनजी ऑटो से घर लौट रहे थे, तब लंकन बाजार फ्लाईओवर के नीचे पुलिस ने उनका वाहन रोक लिया और मारपीट की। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार तीन अधिकारियों को हटा दिया गया है। नईम जिम्बाब्वे के खिलाफ इकलौटे टेस्ट के लिए बांग्लादेश के टेस्ट टीम में चुने गए हैं।

भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया

## पहले वनडे में कप्तान गिल ने नाबाद 84 रन बनाए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ धर्मशाला

भारत ने अफगानिस्तान को पहले वनडे में 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। धर्मशाला में बारिश की वजह से 25-25 ओवर का मैच खेला गया।

**डेब्यू कर रहे गुरनूर-हर्ष को 3-3 विकेट**

भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान की टीम 24.5 ओवर में 194 रन पर ऑलआउट हो गई। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 48 गेंदों में अपना नौवां वनडे शतक लगाया। उन्होंने 8 चौके और 8 छक्के की मदद से 102 रन की पारी खेली।

195 रन का पीछा कर रही भारत ने 22.5 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान शुभमन गिल ने 66 बॉल पर नाबाद 84 रन बनाए। केएल राहुल 39 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके अलावा ईशान किशन ने 34 रन की पारी खेली।

भारत की ओर से डेब्यू कर रहे हर्ष दुबे और गुरनूर बरार ने 3-3 विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और नीतीश कुमार रेड्डी को 2-2 विकेट मिले। सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 जून को लखनऊ में खेला जाएगा।

## खबर एक नजर...

### रात में रस्सी के फंदे पर लटका मिला युवक

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुवासा में रहने वाले रोहित पिता जगदीश पाटीदार 37 साल ने शुक्रवार-शनिवार रात फांसी लगा ली। परिजनों ने रस्सी के फंदे पर लटका देखा तो नीचे उतारा और रात 1 बजे उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। रोहित की मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। शनिवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों का कहना था कि तनाव में चल रहा था, लेकिन किस चीज का तनाव था यह स्पष्ट नहीं किया। अस्पताल कोतवाली पुलिस चौकी प्रधान आरक्षक प्रवीण चौहान ने बताया कि मामले की जांच इंगोरिया थाना पुलिस को सौंपी जायेगी। वहीं घटना के संबंध में इंगोरिया थाना एएसआई दिनेश निनामा ने बताया कि रात में सूचना मिली थी लेकिन परिजन उज्जैन लेकर चले गये थे। मर्ग डायरी मिलने पर परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। सिर्फ इतना पता चला कि मृतक शराब पीने का आदी था।

### सड़क हादसे में मृतक का शव लेने आई बहन

**उज्जैन।** दिल्ली से पूणे लौटते समय शुक्रवार सुबह उज्जैन-झालावाड़ मार्ग तुलाहेड़ा टोल के पास गरोठ हाइवे पर लोडिंग वाहन टायर फटने पर अनियंत्रित होकर खड़े कंटेनर से टकरा गया था। हादसे में चालक शिव पिता रामदीन यादव गंभीर घायल हो गया था और आईटी यश मार्केटिंग कंपनी का कर्मचारी महेश पिता कृष्ण तुम्मल निवासी नाना पेठ पूणे की मौत हो गई थी। उसका शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया था। शनिवार को पूणे से बहन सुषमा के आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा। बहन ने बताया कि महेश की कुछ माह पहले ही शादी हुई थी। उसकी पत्नी पांच माह की गर्भवती है। बहन शव अंतिम संस्कार के लिये पूणे लेकर गई है। घायल चालक शिव का चरक में उपचार जारी है।

### उधार रुपए लौटाने को कहा तो लाठियों से किया हमला

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के जगोटी स्थित मालीखेड़ी में रहने वाला भूरू पिता हयात खान गांव में किराना दुकान चलाता है। उसने कुछ माह पहले सरदार नामक ग्रामीण को 13 हजार रुपए का सामान उधार दिया था। सरदार ने कुछ दिन बाद रुपए लौटाने की बात कहीं थी लेकिन वह लगातार टाल रहा था। शुक्रवार रात भूरू घर लौट रहा था, तभी रास्ते में सरदार अपने दोस्तों पिन्टू और गोवर्धन के साथ खड़ा मिल गया। भूरू ने उधार रुपए लौटाने की बात कहीं तो सरदार ने दोनों साथियों के साथ मिलकर उसके साथ लाठियों से बुरी तरह मारपीट की और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। घायल भूरू को परिजनों ने उपचार के लिये उज्जैन शासकीय अस्पताल लाकर भर्ती कराया है।

### झालरिया में खंबे उखड़ाने पर भाईयों में विवाद

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम झालरिया में सादिक पिता सब्बीर खां और उसके भाई मोसिन खां के बीच खेत में लगे खंबे उखाड़ने की बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट हुई, जिसमें परिवार भी शामिल हो गया। सादिक के साथ अरबाज खां घायल हुआ है। वहीं दूसरी ओर से मोसिन और उसके पिता सब्बीर घायल है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सादिक का कहना था कि उसके खेत से मोसिन ने खंबे उखाड़ दिये थे। वहीं मोसिन का कहना था कि उसे खंबे गाड़ने के लिये कहा जा रहा था, जो उसने नहीं उखाड़े थे। इसी बात पर विवाद हुआ।

### योग और नारी जागरण के वृहद अभियान चलाएगा गायत्री परिवार

**उज्जैन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गायत्री शक्तिपीठ पर जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिले की 11 तहसीलों से आए समन्वयकों और परिजनों की उपस्थिति में आगामी वर्षाकाल के दौरान एकरूपता से किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को साझा करते हुए परिजनों से आह्वान किया गया कि युग निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए बादलों की तरह समर्पित भाव से घरों से निकलकर कार्य करें। गोष्ठी में तय किया गया कि 21 जून 2026 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी संस्थानों में योग जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। 24 जून को गायत्री जयंती और गुरुदेव के महाप्रयाण दिवस पर प्रज्ञा संस्थानों में पांच व नौ कुंडीय आयोजनों के साथ विभिन्न संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। इसी दिन से संकल्पित परिजन 40 दिवसीय सवा लक्ष गायत्री महामंत्र जप का अनुष्ठान शुरू करेंगे और देव परिवार बनाकर मंडलों का गठन किया जाएगा। जुलाई माह में विद्यालयों में विद्यारंभ संस्कार होंगे और 15 जुलाई को गुप्त नवरात्रि से जिले भर में वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।

### अग्रवाल महिला मंडल ने किया सुंदरकांड पाठ, लगाया छप्पन भोग

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा गोलामंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सुंदरकांड पाठ और छप्पन भोग का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने सामूहिक पूजन-अर्चन कर समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। मंडल सचिव मीना गर्ग ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में किए गए धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व होता है। इसी भावना के तहत सुंदरकांड पाठ कर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष ममता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आभा अग्रवाल और सचिव मीना गर्ग प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में दीपाली अग्रवाल, संतोष कसेरा, किरण अग्रवाल, लता अग्रवाल, रेनू मेदावाला, दीपा गोयल, शीला अग्रवाल, मधु गोयल, इंदु गोयल, आशा भगत, स्नेहलता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल और उषा बजाज सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी का वितरण किया गया।

---

रजिस्ट्री नहीं कराने पर खुला राज, अनुबंध कर लिये थे 38.92 लाख

# दूसरे की जमीन को अपनी बताकर 1 करोड़ में कर दिया सौदा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



दूसरों की जमीन अपनी बताकर बेचने के मामले लगातार सामने आ रहे है। शनिवार को नया मामला महिदपुर से सामने आया। 1.50 करोड़ में 13 बीघा जमीन का सौदा कर फर्जी अनुबंध कर 38.92 लाख रुपए ले लिये गये। पुलिस ने जांच के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि इंगोरिया के ग्राम कंथारखेड़ी में रहने वाले नवलसिंह पिता पीरूलाल राजावत ने लिखित शिकायती आवेदन दिया था कि उन्होने अपनी जमीन साढ़े सात बीघा जमीन का सौदा 37 लाख बीघा में वर्ष 2024 में इंदौर के व्यक्ति से किया था। उसके बाद दूसरी जमीन की तलाश में था। उस दौरान ग्राम बंजारी में रहने वाले विकास ने पता चला कि ग्राम झरखेड़ी में रहने वाले बालूसिंह द्वारा जमीन खरीदी-बेची जाती है। ग्राम बैजनाथ में उसका आफिस है। बालूसिंह से संपर्क कर जमीन खरीदने की बात कहीं तो उसने ग्राम ठिकरिया में 13 बीघा जमीन दिखाई और कहा कि रतनसिंह से खरीदी है, जिसे बेचना है। 11 लाख रुपए बीघा का रेट है। जमीन देखने के बाद बालूसिंह से 1.50 करोड़ में सौदा तय कर लिया गया। 19 जुलाई 2024 को सौदा चिट्ठी पर बयाने के तौर पर 1.21 लाख रुपए नगद दिये गये। 3 अगस्त 2024 को बालूसिंह ने अनुबंध के लिये भरतपुरी कार्यालय बुलाया और सौ-सौ के 10 स्टाम्प पर अशोक राजावत और अन्य साथियों के सामने अनुबंध किया। उस दौरान 21 लाख 51 हजार नगद और 16 लाख 20 हजार का चैक दिया गया। बालूसिंह ने चैक के बदले नगद देने की बात कहीं। उसे 7 अगस्त को आईसीआईसी बैंक से 16 लाख 20 हजार भी केश कराकर दे दिये। तीन माह बाद बालूसिंह रजिस्ट्री के लिये कहा तो आनाकानी करने लगा उसने सौदा करने के समय जमीन रतनसिंह से खरीदना बताया था। रतनसिंह से संपर्क करने पर पता चला कि उसे अब तक रुपए नहीं मिले है। इसलिये रजिस्ट्री नहीं कराई है। उन्होने सौदा होने की बात कहीं तो रतनसिंह ने कहा कि बालूसिंह से बात करों। बालूसिंह से रुपए लौटाने को कहा तो उसने अलग-अगल नाम से 5 चैक दिये, जो बैंक में बाउंस हो गये। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार लिखित शिकायत पर जांच के बाद पता चला कि बालूसिंह पहले भी कई लोगों से इसी तरह धोखाधड़ी कर चुका है। उसके खिलाफ नवलसिंह की ओर से धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। वर्तमान में बालूसिंह जेल में है। जिसे पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन वारंट पर लाया जायेगा।

#### उज्जैन-उन्हेल में सामने आ चुके है मामले

दूसरों की जमीन अपनी बताकर करोड़ों में सौदा करने और अनुबंध के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी के मामले कुछ दिन पहले माधवनगर और उन्हेल थाना क्षेत्र से सामने आये थे। माधवनगर पुलिस ने फर्जी दिलीपसिंह बनकर 1.39 करोड़ में सौदा कर 36 लाख की धोखाधड़ी में दिलीप उर्फ भैरूसिंह और मंगलसिंह को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से फर्जी आधार कार्ड, दस्तावेज बरामद किये गये थे। दोनों ने मानपुरा के रहने वाले रविन्द्रसिंह तवंर से सौदा किया था। यहीं नहीं उन्हेल थाना पुलिस ने ग्राम नवादा में 11 बीघा जमीन की मालिकीन मानीबाई का निधन होने पर उज्जैन की रहने वाली महिला ने तथाकथित मानीबाई पति शैतानसिंह बनकर कविता दडिंग से सौदा कर लाखों की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया था।



---

# पुलिस ने ड्रग्स तस्करों को फिर 19 जून तक रिमांड पर लिया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चिमनगंज थाना पुलिस ने गरोठ हाइवे ब्रिज के नीचे से 8 जून की रात स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 13 एफआर 2515 में सवार पंकज पिता श्यामराव चरड़े 34 साल निवासी प्रभासिटी पवनगांव नागपुर महाराष्ट्र और अमित पिता महेन्द्र तिवारी 20 साल निवासी बिहार हाल मुकाम जयसिंहपुरा को 1 किलो एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों को पूछताछ के लिये 13 जून तक रिमांड पर लिया गया था। शनिवार को रिमांड अवधि पूरी होने पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोबारा 19 जून तक पूछताछ के लिये रिमांड अवधि बढ़वाई गई है। एएसआई दिनेश सरोठिया के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में पंकज ने मंदसौर के सीमामऊ स्थित करणसिंह से ड्रग्स लाना बताया था। जिसकी तलाश में टीम पहुंची थी लेकिन वह फरार होना सामने आया था। दोनों की मोबाइल कॉल डिटेल खंगाली गई है। जिसके आधार पर कुछ ओर जानकारी सामने आई है। पंकज के खिलाफ नागपुर में पहले भी मादक पदार्थ का मामला दर्ज है। अमित बिहार का रहने वाला है। उसके परिजन उज्जैन में पंडिताई करते है। अमित ने भी यहां आकर पंडिताई शुरू कर दी थी। कुछ समय पहले पंकज महिला मित्र के साथ उज्जैन आया था। तभी दोनों की पहचान हुई थी। जिसके बाद दोनों मादक पदार्थ का अवैध कारोबार करने लगे। मादक पदार्थ के साथ खाचरौद पुलिस ने भी 7 जून को एक नाबालिग युवती के साथ बबलू पिता गोपाल, कृष्णपाल पिता अशोक और प्रदीप पिता रामेश्वर निवासी मंदसौर को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से डोडाचूरा और अफीम मिली थी। तीनों युवकों को रिमांड पर लिया गया था। शनिवार को रिमांड खत्म होने पर जेल भेजा गया है। पूछताछ में तीनों ने गणेश पिता रणछोड़ निवासी खजूरिया सारंग मंदसौर से मादक पदार्थ लाना कबूल किया था लेकिन गणेश गिरफ्त में नहीं आ सका।



---

नाबालिग रही युवती और दोस्त पर केस दर्ज

# आत्महत्या की 33 माह बाद सामने आई वजह

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

क्षिप्रा नदी में कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में 33 माह बाद उसके मोबाइल से जान देने की वजह सामने आ गई। मामले में तथ्यों के आधार पर नाबालिग रही युवती और उसके दोस्त के खिलाफ धारा 306, 34 भादवि का प्रकरण दर्ज किया गया है।



जवाहर नगर में रहने वाले यश पिता श्याम सिसौदिया 2 अगस्त 2023 को लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी नीलगंगा थाने में दर्ज कराई थी। 2 दिन बाद यश का शव क्षिप्रा नदी बड़े पुल के पास सुनहरी घाट से लाश मिलना सामने आया था। जिसकी जेब से मोबाइल भी मिला था। लेकिन पानी में भीगने की वजह से पूरी तरह बंद हो चुका था। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। मामला आत्महत्या होना सामने आया था लेकिन वजह सामने नहीं आ पाई थी। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल का डाटा खंगालने का प्रयास शुरू किया था। मोबाइल चालू नहीं होने पर सायबर टीम के पास भेजा गया। जहां तकनीकी तरीकों से मोबाइल का डाटा निकालने पर काम शुरू किया। 33 माह बाद पता चला कि आत्महत्या से पहले यश ने मोबाइल वाट्सएप पर सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें उसने नाबालिग युवती और सौरभ सूर्यवंशी निवासी वेदनगर के नाम का उल्लेख कर झूठे मामले में फंसाकर रूपयों की मांग करने की बात लिखी थी। यश ने उक्त सुसाइड नोट स्टोरी पर अपलोड करने का प्रयास किया था लेकिन वह अपलोड नहीं हो पाया था। सायबर से जांच रिपोर्ट जीवाजीगंज थाना पुलिस के पास पहुंची। मामले में थाना प्रभारी प्रतिक शर्मा ने बताया कि मोबाइल में मिले सुसाइड नोट और परिजनों के साथ अन्य साक्ष्यों के आधार पर आत्महत्या की वजह सामने आने पर सौरभ सूर्यवंशी और नाबालिग रही युवती के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

#### प्रेम प्रसंग में आया था त्रिकोणी एंगल

बताया जा रहा है कि पुलिस जांच में पता चला कि यश का नाबालिग से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच सौरभ आ गया था, इस बात का पता यश को चला तो उसने नाबालिग प्रेमिका से मिलने का प्रयास किया लेकिन नाबालिग और सौरभ ने उसे झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हुए रूपयों की मांग करना शुरू कर दिया। इसी वजह से यश ने क्षिप्रा नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। जानकारी यह भी सामने आई है कि सौरभ सूर्यवंशी ने महाकाल थाना क्षेत्र में हुये जानलेवा हमले का आरोपी है। जिसे महाकाल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नाबालिग से बालिक हो चुकी युवती को कस्टडी में लेकर बाल न्यायालय में पेश किया जायेगा।

---

# ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का दूसरा चरण पूरा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

फोटो मेल पर है...

उज्जैन। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर पुलिस विभाग द्वारा ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान शुरू किया गया है। जिसके दूसरे चरण का समापन हो गया। अभियान में 170 पुलिसकर्मियों को व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।



बाबा महाकाल की नगरी में इस बार सिंहस्थ 2028 का भव्य आयोजन होना है। दुनियाभर से 40 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था का जिम्मा पुलिस प्रशासन पर रहेगा। जिसको लेकर पिछले कुछ माह से लगातार तैयारी की जा रही है। पिछले माह डीजीपी द्वारा ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान की शुरूआत की थी। जिसमें प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रतिक्रिया, यातायात नियंत्रण, श्रद्धालु सहायता, सायबर तकनीक, जनसंपर्क और बहु-विभागीय समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभियान के दूसरे चरण में 170 पुलिसकर्मियों को सेनानिवृत्त और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया साथ ही पूर्व के अनुभवों से भी अवगत कराया गया। दूसरे चरण का समापन होने पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये और बताया कि सिंहस्थ केवल ड्यूटी नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण का महापर्व है। दूसरे चरण के समापन समारोह में डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, पीटीएस पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी, एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर उपस्थित रहे। एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम को पढ़ना नहीं, बल्कि उसके मूल भाव को समझना और व्यवहारिक रूप से लागू करना है। सिंहस्थ 2028 विश्व के सबसे बड़े मानव समागमों में से एक है, इसलिए प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को गंभीरता एवं समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभानी होगी।

---

# बदमाश रौनक नरसिंहपुर केन्द्रीय जेल स्थानांतरित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कुख्यात गुर्जर गैंग के बदमाश रौनक गुर्जर की अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उसे केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ से नरसिंहपुर केन्द्रीय जेल स्थानांतरित किया गया है।

ढांचा भवन में रहने वाले कुख्यात बदमाश रौनक पिता मनोहर गुर्जर को चिमनगंज थाना पुलिस द्वारा कुछ दिनों पहले फर्जी गोलीकांड के मामले में गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ जेल भेजा था। बदमाश रौनक के खिलाफ दर्जनों संगीन अपराध है। वह गैंग के माध्यम से शहर में दहशत फैलाने का काम भी करता है। उसकी अपराधिक गतिविधियों को देखते हुए जेल मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी आदेश पर केंद्रीय जेल उज्जैन से केंद्रीय जेल नरसिंहपुर स्थानांतरण किया गया है। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि विचाराधीन बंदी रौनक गुर्जर को आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 457 तथा मध्यप्रदेश जेल नियमावली, 1968 के नियम 791 (एफ) के अंतर्गत प्रदत्त प्रावधानों के तहत स्थानांतरित किया गया है। यह निर्णय प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार केंद्रीय जेल उज्जैन प्रशासन द्वारा बंदी से संबंधित आवश्यक अभिलेख, न्यायालयीन दस्तावेज और अन्य रिकॉर्ड तैयार कर नियमानुसार केंद्रीय जेल नरसिंहपुर को हस्तांतरित किये गये है। केंद्रीय जेल नरसिंहपुर प्रशासन द्वारा बंदी को नियमानुसार दाखिल कर जेल नियमों के अनुरूप रखा जाएगा।




---

कई दिनों से पानी में तैर रहे बैरिकेड्स बन रहे थे हादसे का कारण

# शिप्रा नदी में खतरनाक हालत में पड़े बैरिकेड्स हटाए, श्रद्धालुओं को मिली राहत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शिप्रा नदी के दत्त अखाड़ा क्षेत्र स्थित घाट पर कई दिनों से नदी के भीतर खतरनाक स्थिति में पड़े बैरिकेड्स श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बने हुए थे। पानी में तैर रहे इन बैरिकेड्स के कारण श्रद्धालुओं को स्नान करने में कठिनाई हो रही थी, वहीं उनसे चोटिल होने का खतरा भी बना हुआ था। इसके बावजूद संबंधित व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था।

अधिक मास के दौरान शिप्रा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। ऐसे समय में घाटों पर बेहतर व्यवस्थाओं की आवश्यकता थी, लेकिन दत्त अखाड़ा घाट के समीप नदी में पड़े बैरिकेड्स अव्यवस्था और लापरवाही का उदाहरण बने हुए थे। पानी में लंबे समय से पड़े रहने के कारण ये बैरिकेड्स खराब भी हो रहे थे।

### मां शिप्रा तैराक दल ने चलाया अभियान, दत्त अखाड़ा क्षेत्र के घाट को बनाया स्नान योग्य



**मां शिप्रा तैराक दल ने शुरू किया अभियान-** शनिवार को मां शिप्रा तैराक दल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नदी में पड़े बैरिकेड्स को हटाने का अभियान शुरू किया। दल के सदस्यों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों ने भी इस कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। मां शिप्रा तैराक दल के सचिव संतोष सोलंकी, प्रचार सचिव तेजा कहार, सपना माली तथा संस्था के बच्चों ने मिलकर नदी से बैरिकेड्स निकालकर संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को समाप्त किया। उनके इस प्रयास से घाट की व्यवस्था सुधरी और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम स्नान की सुविधा मिल सकी। सपना माली ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया, जिससे घाट पर फैली अव्यवस्था को दूर कर स्नान व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सका।

#### घाट हुआ सुरक्षित, श्रद्धालुओं ने की अभियान की सराहना

बैरिकेड्स हटने के बाद घाट पूरी तरह स्नान योग्य हो गया और श्रद्धालु बिना किसी बाधा के शिप्रा नदी में स्नान करने लगे। घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने मां शिप्रा तैराक दल के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com